## समस्तीपुर मण्डल अंतर्गत दिनांक 20.01.2025 को माननीय संसद सदस्यों के साथ बैठक का कार्यवृत |

-------------------------

### उपस्थित माननीय/माननीया सांसद/सांसद प्रतिनिधि एवं रेल अधिकारी का नाम

| क्र. सं. | उपस्थित माननीय/माननीया सांसद/माननीय सांसदों के प्रतिनिधि | क्र. सं. | उपस्थित रेल अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामनाथ ठाकुर, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय), भारत सरकार सह अध्यक्ष "मंडल संसदीय समिति", समस्तीपुर | 1 | महाप्रबंधक, पूमरे / हाजीपुर। |
| 2 | श्री राज भूषण चौधरी, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (जल शक्ति मंत्रालय), भारत सरकार | 2 | महाप्रबंधक के सचिव, पूमरे/हाजीपुर। |
| 3 | श्री राजेश रंजन उर्फ़ पप्पू यादव, माननीय सांसद (लोक सभा), पूर्णिया | 3 | प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/पूमरे / हाजीपुर। |
| 4 | श्री दिनेश चन्द्र यादव, माननीय सांसद (लोक सभा), मधेपुरा | 4 | प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक / पूमरे / हाजीपुर। |
| 5 | डॉ. संजय जायसवाल, माननीय सांसद (लोक सभा), पश्चिम चंपारण | 5 | प्रधान मुख्य इंजीनियर / पूमरे / हाजीपुर। |
| 6 | श्री प्रदीप कुमार सिंह, माननीय सांसद (लोक सभा), अररिया | 6 | प्रधान मुख्य विधुत इंजीनियर / पूमरे / हाजीपुर। |
| 7 | श्रीमती वीणा देवी, माननीया सांसद, वैशाली | 7 | मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक / पूमरे/हाजीपुर |
| 8 | श्री रामप्रीत मंडल, माननीय सांसद (लोक सभा), झंझारपुर | 8 | मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी/ पूमरे/हाजीपुर |
| 9 | श्री गोपाल जी ठाकुर, माननीय सांसद (लोक सभा) दरभंगा | 9 | उप महाप्रबंधक (सामान्य) / पूमरे/हाजीपुर |
| 10 | श्री सुनील कुमार, माननीय सांसद (लोक सभा) वाल्मिकिनगर | 10 | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) / पूमरे । |
| 11 | श्रीमती लवली सिंह, माननीया सांसद (लोक सभा), वैशाली | 11 | मडल रेल प्रबंधक / पूमरे/ समस्तीपुर । |
| 12 | प्रो० मनोज कुमार झा, माननीय सांसद (राज्य सभा) | 12 | अपर मंडल रेल प्रबंधक /पूमरे / समस्तीपुर। |
| 13 | श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, माननीय सांसद (लोक सभा), सीतामढ़ी | 13 | वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / पूमरे/समस्तीपुर। |
| 14 | श्रीमती शाम्भवी, माननीया सांसद (लोक सभा), समस्तीपुर | 14 | वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक / पूमरे/समस्तीपुर। |
| 15 | श्री राजेश वर्मा, माननीय सांसद (लोक सभा) खगड़िया | 15 | वरिष्ठ मंडल अभियंता(समन्वय)/ पूमरे / समस्तीपुर। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 | श्रीमती धर्म शिला गुप्ता, माननीय सांसद (राज्य सभा) | 16 | वरिष्ठ मंडल विधुत इजी०/ पूनरे/समस्तीपुर। |
| 17 | श्री नित्यानंद राय, माननीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार के प्रतिनिधि श्री तरुण कुमार जी | 17 | वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक / पूमरे/ समस्तीपुर। |
| 18 | श्री गिरिराज सिंह, माननीय केंद्रीय मंत्री (वस्त्र मंत्रालय), भारत सरकार के प्रतिनिधि श्री राजीव वर्मा जी | 18 | वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अधिकारी/पूमरे/समस्तीपुर। |
| 19 | श्री दिलेश्वर कामैत, माननीय सांसद (लोक सभा), सुपौल के प्रतिनिधि श्री भास्कर पाण्डेय, जी | 19 | वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी०/पुमरे/समस्तीपुर। |
| 20 | श्री सतीश चन्द्र दूबे, माननीय राज्य मंत्री (कोयला एवं खान मंत्रालय), भारत सरकार के प्रतिनिधि श्री रंजीत कुमार चौबे जी | 20 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक (प्रशा०) / पूमरे/समस्तीपुर। |
| 21 | डॉ. फैयाज़ अहमद, माननीय सांसद (राज्य सभा) के प्रतिनिधि श्री विष्णुदेव सिंह यादव जी | 21 | वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी / पूमरे/समस्तीपुर। |
| 22 | श्री संजय कुमार झा, माननीय सांसद (राज्य सभा) के प्रतिनिधि श्री हिमांशु शेखर जी | 22 | वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूमरे / समस्तीपुर। |
| | | 23 | मंडल सुरक्षा आयुक्त/पुमरे / समस्तीपुर |

सर्वप्रथम वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महोदया द्वारा बैठक की शुरूआत की गयी एवं निवेदन किया गया कि माननीय सांसद सर्वसहमति से अध्यक्ष का मनोनयन करें। तत्पश्चात् श्री रामनाथ ठाकुर, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार को बैठक का अध्यक्ष सर्वसहमति से नामित किया गया। इसके उपरांत महाप्रबंधक महोदय द्वारा सभी सदस्यों को फूलों के गुलदस्ता, शॉल एवं मिथिला पैंटिंग, उपहार स्वरूप भेट किया गया। इसके बाद महाप्रबंधक महोदय द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय, श्री रामनाथ ठाकुर के अध्यक्षता में बैठक की अगली कार्यवाही की गयी। मंडल रेल प्रबंधक, सगस्तीपुर महोदय द्वारा मंडल में हुए कार्यों एवं विकास की रूपरेखा के बारे में प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गयी।

माननीय सांसदों ने अपने सुझाव बैठक से पूर्व मंडल में प्रेषित कर दिये थे तथा इसके अतिरिक्त कुछ अन्य सुझाव भी बैठक के दौरान दिये गए| पूर्व में प्राप्त सुझावो पर मण्डल द्वारा अभ्युक्ति दी गई। नये सुझावो पर चर्चा की गई। बैठक में दिये गये सुझावो को संज्ञान में लेकर रेलवे द्वारा अपनी अभ्युक्ति एवं आवश्यक कार्यवाही के विवरण को बैठक के कार्यवृत के साथ भेजने का निर्देश दिया गया। माननीय सांसदो द्वारा दिये गये सुझाव को उपलब्ध कराई जा रही है |

माननीय/माननीया सांसदों एवं माननीय सांसदों के प्रतिनिधि द्वारा मंडल संसदीय समिति के बैठक में दिए गए सुझाव :

-------------------

## 1.0 श्री रामनाथ ठाकुर, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (कृषि एवं किसान कल्याण), भारत सरकार सह अध्यक्ष, मंडल संसदीय समिति/समस्तीपुर

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 1.1 | समस्तीपुर में नये वाशिंग पिट का निर्माण की स्थिति क्या है। नये वाशिंग पिट निर्माण के बाद लंबी दूरी की ट्रेन चलाने का प्रस्ताव है अथवा नहीं। |
| 1.2 | समस्तीपुर से नई दिल्ली के लिए सुपर फास्ट ट्रेन चलाने के लिए कई बार प्रस्ताव दिया जा चुका है, इस पर क्या निर्णय लिया गया। |
| 1.3 | महत्वपूर्ण वंदे भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेन समस्तीपुर से चलाने का प्रस्ताव है अथवा नही। |
| 1.4 | समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार को आकर्षक बनाने के साथ-साथ अतिक्रमण मुक्त करायी जाए। |
| 1.5 | 18105/18106 जयनगर से राउरकेला जानेवाली ट्रेन को प्रत्येक दिन चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाए। |
| 1.6 | कैंसर मरीज और रेल यात्रियों के हित को देखते हुए 01043/01044 समस्तीपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए चलने वाली स्पेशल ट्रेन जिसे बंद कर दिया गया है, उसे पुनः नियमित रूप से चलायी जाए। |
| 1.7 | मुक्तापुर गुमती पर आरओबी निर्माण में क्यों विलंब हो रही है। |
| 1.8 | मिथिलांचल के लोगों को पूर्वजों का पिंडदान करने के लिए गया जाना पड़ता है। गया जाने के क्रम में कई ट्रेन बदलनी पड़ती है। अतः जयनगर से गया के लिए एक चलाने की आवश्यकता है। |
| 1.9 | समस्तीपुर का एक मात्र वर्कशॉप (कारखाना) जिसमे हजारों लोगों का परिवार चलता है। जानकारी मिली है कि 80 कार्य निजी कंपनी से कराया जा रहा है। यदि कार्य निजी कंपनी के द्वारा करायी जा रही है तो उसे अविलंब रोका जाए। |
| 1.10 | भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम (जननायक एक्सप्रेस) पर चलने वाली ट्रेन के कोच को एल.एच.बी रैक में परिवर्तित कर चलाई जाए। |
| 1.11 | समस्तीपुर रेल मंडल का क्षेत्रफल काफी बड़ा होने के बाबजूद भी अधिकतर ट्रेन में पहले से आवंटित कोटा (HO) को या तो घटा दिया गया है या हाजीपुर मुख्यालय ले जाया गया है। समस्तीपुर मंडल से खुलनेवाली ट्रेनों में कोटा(HO) की संख्या शयनयान और वातानुकूलित श्रेणी में बढ़ायी जाए। |
| 13.12 | आपके द्वारा दिया गया जबाव से मैं संतुष्ट नहीं हूँ। |
| 13.13 | संसदीय समिति की बैठक प्रत्येक 03-03 महीने पर कराया जाए। |

## 2.0 श्री राजेश रंजन उर्फ़ पप्पू यादव, माननीय सांसद (लोक सभा) पूर्णिया |

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 2.1 | कुर्सेला-बिहारीगंज नयी रेल लाइन का निर्माण । |
| 2.2 | बिहारीगंज- वाया मुरलीगंज- खुर्दा वीरपुर नयी रेल लाइन का निर्माण |
| 2.3 | पूर्णिया कोर्ट रेलवे स्टेशन समीप वाशिंग पीठ का निर्माण। |
| 2.4 | पूर्णिया कोर्ट, बनमनखी, गुरलीगंज, बिहारीगंज, जानकीनगर रेलवे स्टेशन को अमृतभारत रेलवे स्टेशन योजना तहत् मॉडल स्टेशन बनाना। |
| 2.5 | सहरसा रेलवे स्टेशन बंगाली बाजार के पास रेल उपरी पुल का निर्माण \| |
| 2.6 | पूर्णिया कोर्ट रेलवे स्टेशन समीप रेल उपरी पुल का निर्माण । |
| 2.7 | मुरलीगंज रेलवे स्टेशन समीप रेल उपरी पुल का निर्माण \| |
| 2.8 | के० नगर रेलवे स्टेशन समीप रेल उपरी पुल का निर्माण |
| 2.9 | सरसी रेलवे स्टेशन समीप रेल उपरी पुल का निर्माण । |
| 2.10 | गाड़ी संख्या-15713/15714 का जोगबनी तक विस्तार \| |
| 2.11 | गाड़ी संख्या-12553/12554, 12203/12204, 22453/22454 का विस्तार पूर्णिया कोर्ट तक । |
| 2.12 | गाड़ी संख्या-15279/15280 का विस्तार पूर्णिया कोर्ट रेलवे स्टेशन तक एवं इस ट्रेन को प्रतिदिन चलाया जाए। |
| 2.13 | पूर्णिया कोर्ट रेलवे स्टेशन समीप रेल नीर का उत्पादन हो। |
| 2.14 | नियमित रूप में स्टेशन परिसर की साफ-सफाई व शुद्ध पेय जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना |
| 2.15 | पूर्व मध्य रेलवे के अधीन मुख्य रेलवे स्टेशन पर महिला के लिए वेटिंग रूम, शौचालय का अति आवश्यक सुनिश्चित किया जाना। |
| 2.16 | विकलांग रेल यात्रीयों के सुरक्षित सुगम आवागमन की सुविधा का होना। |
| 2.17 | क्षेत्र में चलने वाली सभी गाड़ीयों में यात्रियों खासकर महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरुरत \| |
| 2.18 | मुख्य-मुख्य रेलवे स्टेशनों पर साफ़-सुथरा खान-पान की सुविधा। |
| 2.19 | समस्तीपुर रेल मंडल के अन्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्णिया अन्तर्गत पूर्णिया कोर्ट स्टेशन से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम छः माह में 10 करोड 82 लाख रूपये की आय हुयी है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 5 गुणा आय ज्यादा हुई है। आय के दृष्टिकोण से पूर्णिया कोर्ट स्टेशन पूर्व मध्य रेलवे प्रक्षेत्र में 38वां स्थान प्राप्त किया है। ऐसी परिस्थति में हम सबों का दायित्व है कि पूर्णिया कोर्ट स्टेशन में ट्रेन की सुविधा देते हुए अमृत भारत योजना से जोड़ दिया जाय। मैंने पूर्व में भी महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे एवं आपके द्वारा संयुक्त रूप से चल रही निरीक्षण कार्य के दौरान लिखित सुझाव |

| | |
|---|---|
| | दिया था। मैं पुनः संक्षिप्त में पूर्णिया कोर्ट स्टेशन की विकास के लिए सुझाव आपको दे रहा हूँ। |
| 2.20 | पूर्णिया कोर्ट स्टेशन से वर्तमान में 6 जोड़ी ट्रेन रोजाना खुलती और टर्मिनेट होती है यहाँ वाशिंग अप्रोन की व्यवस्था अविलंब की जाए जिससे ट्रेन में पानी भरने और साफ-सफाई की व्यवस्था हो सके। जबकि पूर्णिया कोर्ट स्टेशन में वर्ष 2018-19 में PH-42 अंतर्गत 32.35 करोड़ की लागत से वाशिंग पिट, सिक लाईन और स्टेबलिंग लाईन बनना प्रस्तावित था। जिसे किसी कारणवश तत्काल रोक दिया गया है। आपसे अनुरोध है इसका निर्माण प्रारंभ करवाये। जिससे यहाँ से दिल्ली, मुंबई, साउथ, गुजरात के लिए भी ट्रेनें चलाई जा सके। |
| 2.21 | पूर्णिया कोर्ट स्टेशन से बलास्ट डिपो हटाया जाए इससे उडने वाली धूल और ट्रकों के आवागमन से आस-पास के लोगों को भारी असुविधा होती है। पर्यावरण की दृष्टि से भी यह अनुकूल नहीं है। |
| 2.22 | पूर्णिया कोर्ट स्टेशन के प्लेटफॉम संख्या-3 से उत्तर तथा लाईन संख्या-5, 6 के लिए एक अतिरिक्त प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जाये, जिससे यहाँ ट्रेनों की रेक स्टेबल करने की सुविधा हो और नई ट्रेन के परिचालन में आसानी हो। |
| 2.23 | पूर्णिया कोर्ट स्टेशन प्लेटफॉर्म संख्या-1 के दक्षिण में 12 कोच वाली मेमू प्लेटफार्म का निर्माण भी किया जा सकता है। |
| 2.24 | सहरसा-जमालपुर-गया पैसेंजर को पूर्णिया कोर्ट तक विस्तार कर इसे दैनिक इंटरसिटी के रूप में चलाई जाए इससे 10 जिलों को लाभ होगा। |
| 2.25 | 05231/05232 बिहारीगंज-पूर्णिया कोर्ट पैसेंजर वर्तमान में अस्थायी रूप से परिचालन हो रही है। इसे स्थायी रूप से चलाई जाए। |
| 2.26 | 12203/12204 सहरसा-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस बरौनी के बाद काफी लूज टाईम दिया गया है उसमें सुधार कर पूर्णिया कोर्ट तक चलाई जाए। |
| 2.27 | 15705/15706 चंपारण हमसफर के मार्ग परिवर्तन के बाद पूर्णिया-सहरसा सेक्शन का दिल्ली से संपर्क भंग है इसलिए 12553/12554 वैशाली एक्सप्रेस का विस्तार कर इसे पूर्णिया कोर्ट से चलाई जाए। वैशाली और पुरबिया ट्रेन के कुल 5 रैंक उपलब्ध है। |
| 2.28 | 12149/12150 पुणे-दानापुर एक्सप्रेस को पूर्णिया कोर्ट से चलाई जाए यह दानापुर में 21 घंटे खड़ी रहती है। |
| 2.29 | 14617/14618 जनसेवा एक्सप्रेस कामगारों के लिए एक अच्छी सेवा उपलब्ध कराता है। दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि इस ट्रेन को ठंड के मौसम में रद्द कर दिया जाता है, इस ट्रेन को स्थायी रूप से चलाया जाय। |
| 2.30 | पूर्णिया कोर्ट स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत विकसित कर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। |
| 2.31 | पूर्णिया कोर्ट से मानसी जाने में सहरसा में लोको रिवर्सल की समस्या का समाधान के लिए बायपास निर्माण किया जाय जिससे काफी समय बचेगा इससे रेलवे को परिचालन खर्च और शंटिंग भी कम होगा। |

| | |
|---|---|
| 2.32 | मधेपुरा-बनमनखी रेल खण्ड में मुरलीगंज एवं जानकीनगर रेलवे स्टेशन के बीच 52/7 एवं 52/6 पीलर के पास रेलवे लाईन के दोनों तरफ पक्की सड़क बना हुआ है। रेलवे ढाला नहीं रहने के कारण 03 प्रखण्ड बिहारीगंज, बड़हरा कोठी तथा मुरलीगंज के आम नागरिक परेशान है। इसलिए बनमनखी प्रखण्ड अन्तर्गत सहुरिया तिनकोनमा पक्की सड़क पर रेलवे ढाला का निर्माण करवाया जाय। |
| 2.33 | जानकीनगर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे के खाली पड़े जमीन का उपयोग रैक पॉइंट बनवाकर किया जा सकता है जो इस इलाके के व्यापारियों एवं किसानों के हित में अत्यावश्यक भी है।<br>अतः मेरा व्यक्तिगत आग्रह है कि ऊपर वर्णित मेरे बिन्दुवार सुझाव को माननीय सांसदों की समस्तीपुर मंडल समिति की बैठक के प्रस्ताव में जोड़ा जाय। |
| 2.34 | संसदीय समिति की बैठक प्रत्येक 04 या 06 महीनो के अन्तराल में होना चाहिए। |
| 2.35 | स्टेशन परिसर में लगे पुराने दुकान जो पूर्व में किसी के पिता के नाम से आवंटित है एवं उनके मृत्यु के उपरांत वह दुकान उसी के पुत्र को आवंटित किया जाना चाहिए, परन्तु यह देखा गया है कि जो वास्तविक उसका हकदार उसे न देकर किसी अन्य को दिया जाता है। |
| 2.36 | स्टेशन के बाहर फुटपाथ पर लगे दुकान को अतिक्रमण हटाने के उद्देश्य से वगैर कोई सूचना दिये दुकान को तोड़-फोड़ किया जाता है। |
| 2.37 | कर्पूरीग्राम स्टेशन को आधुनिक टर्मिनल स्टेशन बनाया जाए। |
| 2.38 | अररिया स्टेशन का नाम बदलकर साहित्य के रचनाकर फणीष्वरनाथ रेणु के नाम से किया जाए। |
| 2.39 | बनमंखी स्टेशन का नाम बदलकर महर्षि परमहंस के नाम से किया जाए। |
| 2.40 | पूर्णिया स्टेशन का नाम बदलकर कबीरधाम के नाम से किया जाएं \| |
| 2.41 | मुरलीगंज स्टेशन का नाम बदलकर शिवनन्दन मंडल के नाम से किया जाए। |
| 2.42 | सहरसा स्टेशन का नाम बदलकर इसे मंडल मित्र के नाम से किया जाए। |
| 2.43 | मधेपुरा स्टेशन का नाम बदलकर इसे भूपेन्द्र नारायण मंडल के नाम से किया जाए। |
| 2.44 | कुर्सेला - बिहारीगंज नई रेल लाईन को निर्माण अतिशीघ्र कराया जाए। |
| 2.45 | बंदे भारत ट्रेन जो सहरसा से सियालदह वाया पूर्णिया, मधेपुरा होते चलाया जाए \| |
| 2.46 | मुख्य- मुख्य रेलवे स्टेशनो पर महिलाओं के लिए वेटिंग रूम, शौचालय की व्यवस्था की जाए। |
| 2.47 | विकलांग रेल यात्रियों को सभी सुविधा उपलब्ध कराया जाए |
| 2.48 | स्टेशन पर नियमित रूप से साफ सफाई एवं शुद्व पेय जल की व्यवस्था की जाए। |
| 2.49 | पूर्णिया स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत विकसित किया जाए। |
| 2.50 | जानकीनगर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे के खाली जमीन को उपयोग में लाया जाए। |
| 2.51 | पूर्णिया कोर्ट से मानसी जाने में सहरसा में लोको रिवर्स की समस्या के समाधान हेतु वायपास का निर्माण कराया जाएं |
| 2.52 | रॉची से पूर्णिया वाया सहरसा के लिए कोई ट्रेन चलाया जाए। |

## 3.0 श्री दिनेश चन्द्र यादव, माननीय सांसद (लोक सभा), मधेपुरा |

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 3.1 | रात्री में 11 बजे पटना से सहरसा के बीच एक्सप्रेस गाड़ी चलाई जाय। |
| 3.2 | सहरसा से नई दिल्ली वन्दे भारत (स्लीपर) ट्रेन चलाई जाय। |
| 3.3 | पटना से पुर्णिया वन्दे भारत ट्रेन चलाई जाय। |
| 3.4 | अमृत भारत योजना अन्तर्गत सहरसा जं० स्टेशन के विकास के लिए कौन-2 सी योजना ली गई और कौन-2 पूर्ण हुआ है। |
| 3.5 | प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना से सहरसा यार्ड रिमोडलिंग में कौन-2 सी योजना ली गई है और वह कार्य कब से शुरू होगा। |
| 3.6 | मानसी-सहरसा के बीच दोहरी लाईन निर्माण कराई जाय। |
| 3.7 | सहरसा सर्वाढ़ाला से झपड़ा टोला आउटर सिग्नल तक एक कि० मी० बायपास पुनः रेल लाईन बिछाई जाय। |
| 3.8 | लहेरिया सराय से सहरसा के बीच रेल लाईन का निर्माण कराई जाय। |
| 3.9 | सहरसा में 125 करोड़ रूपये से मेमू शेड का निर्माण प्रस्ताव रेलवे बोर्ड में लंबित है। यहाँ जमीण अपलब्ध नहीं हो तो उसका निर्माण मधेपुरा (अनुपयोगी स्लीपर फैक्ट्री की जमीन) या बुधमा में करायी जाय। |
| 3.10 | सहरसा स्टेशन पर पाँच प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है, लेकिन किसी प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए लगाया गया शेड, समुचित लंबाई में नहीं है। इसके कारण धुप, बरसात, ठंड में रेल यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्लेटफार्म पर पूर्ण लम्बाई में शेड लगाई जाय। |
| 3.11 | रेल बजट वर्ष 2023-24 में सहरसा बैजनाथपुर रेलखंड के बीच ढ़ाला सं0-104 के स्थान पर उपरी सड़क पुल के निर्माण के लिए 67 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया था, लेकिन उसका भी काम आगे नहीं बढ़ रहा है। उक्त कार्य में तेजी लायी जाय। |
| 3.12 | सहरसा-सोनवर्षा कचहरी रेलखंड के बीच सर्वाढाला एवं सहरसा से सहरसा कचहरी रेलखंड के बीच गौतमनगर मे उधोग भवन के सामने एवं सहरसा मत्स्यगंधा हकपारा के नजदीक अन्डर पास का निर्माण कराई जाय। |
| 3.13 | कोपरिया स्टेशन पर कोरोना काल से पूर्व हाटे-बाजारे एक्सप्रेस का ठहराव था। जिसे बन्द कर दिया गया है, पुनः यहाँ हाटे बाजारे एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाय। |
| 3.14 | टाटा-कटिहार एक्सप्रेस (भाया-बरौनी-नौगछिया) को सप्ताह में दो दिन मानसी-सहरसा-मधेपुरा पूर्णियाँ रूट से चलायी जाय। |
| 3.15 | गाड़ी सं0-15001/02 मुजफ्फर-देहरादून राप्ती गंगा एक्सप्रेस मुजफ्फर में 21 घंटा रूकती है। इसका विस्तार समस्तीपुर-मानसी-सहरसा-मधेपुरा-बनमंखी के रास्ते पूर्णिया जंक्शन तक की जाय। |
| 3.16 | सहरसा सहर के बीच गंगजला में अवस्थित रैक प्वाईंट को परमिनियाँ हॉल्ट सर्वादाला के बीच स्थानान्तरित किया जाय। |

| | |
|---|---|
| 3.17 | सहरसा-सोनवर्षा कचहरी के बीच सुलिन्दाबाद एवं कारू खिरहर हॉल्ट को नया स्टेशन बनाया जाय। |
| 3.18 | ट्रेन का विस्तार पटना-कोटा एक्सप्रेस एवं पटना-बैंगलुरू एक्सप्रेस का विस्तार पटना से सहरसा तथा जनहित ट्रेन का विस्तार सहरसा-पटना से बनारस जंक्शन तक किया जाय। |
| 3.19 | लम्बी सफर की गाड़ी अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस गाड़ी संख्या-12203/04 जो सप्ताह में मात्र तीन दिन ही चलती है, इसे प्रतिदिन चलायी जाय और इसमें कैंटीन की व्यवस्था नहीं रहने के कारण यात्री को भोजन में काफी दिक्कत होती है, कैंटीन भी चालू करवायी जाय। |
| 3.20 | सहरसा-आनंद विहार पूरबिया एक्सप्रेस गाड़ी संख्या-15279/80 जो सप्ताह में सिर्फ दो दिन हीं चलती है। इसे भी प्रतिदिन चलायी जाय। |
| 3.21 | बिहारीगंज से पटना एवं कटिहार के लिए सीधी ट्रेन चलायी जाय। |
| 3.22 | मठाई स्टेशन पर रेलयात्री को सुविधाओं की समुचित व्यवस्था जनहित में कराई जाय। |
| 3.23 | पंचगछिया स्टेशन पर पूरब की दिशा से आने और जाने के लिए रेल यात्रियों को लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है। इसलिए यहाँ फुट ओवरब्रिज का निमार्ण कराई जाय। |
| 3.24 | रात्रि में पूर्णिया तक कोई सवारी गाड़ी चलाया जाए। |
| 3.25 | सहरसा से नई दिल्ली के लिए एक बन्दे भारत स्लीपर कोच चलाया जाए। |
| 3.26 | पटना से पूर्णिया तक एक वन्दे भारत चलाया जाए। |
| 3.27 | मुरलीगंज में एक रेक प्वाइंट की आवश्यकता है। |
| 3.28 | ढाला नं0- 104 पर उपरी सड़क पुल का निर्माण किया जाए। |

## 4.0 डॉ. संजय जायसवाल, माननीय सांसद (लोक सभा), पश्चिम चंपारण |

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 4.1 | मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत भारत-नेपाल की सीमा पर अवस्थित रक्सौल रेलवे स्टेशन के वाशिंग पीट का रनवे छोटा होने की वजह से गाड़ी के बोगियो को कई टुकड़ो में वाशिंग पीट पर पहॅचाया जाता है, जिससे रक्सौल रेलवे क्रॉसिंग संख्या - 33 जो रक्सौल वीरगंज (नेपाल) जाने वाले मुख्य पथ पर है, घंटो बंद रहता है जिससे शहर में जाम की समस्या बनी रहती है।<br>रक्सौल रेलवे के वाशिंग पीट के पूरब और मुख्य पथ रेलवे क्रॉसिंग से पश्चिम का कुछ जगह खाली है तथा इंडियन आयल का डिपो भी पूर्णतः बंद है। इन खाली स्थानो पर वाशिंग पीट की लम्बाई बढ़ा देने से पूरी गाड़ी का रेक एक बार में वाशिंग पीट पर जा सकता है तथा रक्सौल-वीरगंज (नेपाल) जाने वाले यात्री /पर्यटको को भी घंटो जाम की समस्या से निजात मिल जायेगा।<br>आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के रक्सौल रेलवे स्टेशन के वाशिंग पीट की लम्बाई शीघ्र बढ़वाने की दिशा में कार्य किए जाय\| |
| 4.2 | नरकटियागंज पाटलीपुत्र इंटरसिटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 15201/15202) के परिचालन का विस्तार बगहा तक किये जाने से बेतिया रेलवे स्टेशन पर एक भी यात्री ट्रेन में चढ़ नही पा रहे है। इससे बेतिया से पाटलिपुत्र तक जानेवाले यात्रियो में काफी क्षोभ है तथा आंदोलन करने के लिये अड़े हुये है। मै इन यात्रियो के समस्या का शीघ्र निदान निकाले जाने हेतु आश्वत किया हूँ\|<br>आग्रह है कि बगहा से पाटलीपुत्र के लिये नये इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन करवाया जाय अथवा जिस प्रकार से नरकटियागंज -पाटलीपुत्र इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार बगहा तक किया गया है उसी तरह से मोतिहारी-पाटलीपुत्र इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन बेतिया से करवाया जाय तथा बेतिया -मोतिहारी के बीच कोई ठहराव नही हो अथवा बेतिया से पाटलीपुत्रा तक नये इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन करवाया जाय। |
| 4.3 | मेरे संसदीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज खर्ग पोखरिया के मुखिया का पत्र कैथवलिया रोड फाटक संख्या 8सी से लेकर पोखीरा टोला लगुनाहा रेलवे फाटक संख्या 7सी/2ई तक के क्षतिग्रस्त पथ के निर्माण के संबंध में संलग्न है। इस पथ का निर्माण जनहित में अतिआवश्यक है।<br>कृपया उक्त पथ का निर्माण शीघ्र करवाने का कष्ट करेंगे तथा कृत कार्रवाई से मुझें भी अवगत कराने का कष्ट करेगें। |
| 4.4 | मेरे संसदीय क्षेत्र के चनपटिया के रेल यात्रियो ने चनपटिया स्टेशन बुकिंग एजेंट श्री नसीम अहमद के भ्रष्टाचार के संबंध में शिकायत की है कि ये अधिक रूपया लेकर टिकट देते है तथा इसकी शिकायत करने पर विभाग के कुछ खास पदाधिकारी के मिलीभगत से इन पर कोई कार्यवाही नही होती है।<br>कृपया शीघ्र कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से मुझें भी अवगत कराने का कष्ट करेगें। |

| | |
|---|---|
| 4.5 | छौड़ादानो रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक का उच्चीकरण।<br>(रेलवे ट्रैक के समतल प्लेटफार्म होने के कारण आए दिन घटनाएं होते रहती है। जिसकी वजह से अभी तक दो जान भी जा चुकी है और वृद्ध जनों को काफी समस्या होती है चढ़ने उतरने में।) |
| 4.6 | छौड़ादानों स्टेशन के समीप ही रघुनाथपुर डाला के एप्रोच रोड का निर्माण कार्य। |
| 4.7 | आदापुर रेल ओवरबीज के अधुरे कार्य एवं बंद कार्य को शुरू कर पूर्ण किया जाए यहाँ पिछले 6 माह से कार्य बंद है। |
| 4.8 | 05525 जो दरभंगा से रक्सौल चलती है। इसका विस्तार नरकटियागंज तक किया जाए ताकी आदापुर घोड़ासहन आदि के पैसेंजर को सप्तक्रांति या अन्य गाड़ी नरकटियागंज में पकड़ने में सुविधा हों। |
| 4.9 | एक रेल घोड़ासहन से सीधे मोतिहारी के लिए चलाया जाए या पुराने रेल का विस्तार किया जाए ताकी इधर के पैसेंजर को जिला मुख्यालय में आने जाने में सुविधा हो पूर्व में मोतिहारी के तरफ यहा से सीधा रेल चलती थी। |
| 4.10 | पूर्व में सभी लोकल रेल नरकटियागज से सीधे दरभंगा तक जाती थी उसी तरह वर्तमान में किया जाए। |
| 4.11 | चनपटिया रेलवे स्टेशन के पीछे से (पोस्ट ऑफिस) दक्षिण दिशा की तरफ गुमटी न. 09 है, सड़क बनना है। |
| 4.12 | चनपटिया स्टेशन के बाहर एवं नया गुमटी के पास हाईमास्क स्टेट लाइट लगाना। |
| 4.13 | बेतिया स्टेशन से बानुछापर तक ओवरब्रीज का निर्माण। |
| 4.14 | बेतिया स्टेशन का संभार 02 पर ओवरब्रिज का निर्माण। |
| 4.15 | सुगौली स्टेशन ऐतिहासिक संधिस्थल होने के कारण प्लेटफार्म पर संधि प्रतिक स्तम्भ एवं प्रदर्शनी लगना चाहिए। |
| 4.16 | सुगौली स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 1 एवं 2 पर पूर्व की दिशा में ओवरब्रीज का निमार्ण अति आवश्यक है। |
| 4.17 | सुगौली स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 2 पर यात्री शेड एवं विश्रामालय का निर्माण जरूरी है। |
| 4.18 | सुगौली स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 2 पर टिकट कांउटर नहीं होने से यात्री को कठिनाई हो रही हैं। |
| 4.19 | सुगौली स्टेशन पर अत्याधुनिक विश्रामालय का निर्माण (रात्री में नेपाल एवं दुर दराज के यात्री को ठहरने में परेशानी होती है। |
| 4.20 | बेतिया से चनपटिया स्टेशन के बीच गुमटी सं० 7C से 8C तक पीसीसी निर्माण कार्य। |
| 4.21 | ट्रेन संख्या 05507 (रक्सौल-मेहसी) का परिचालन भेलाही होते हुए गरकटियागंज से कराये जाने से मोतिहारी जिला मुख्यालय से हजारों लोग जुड़ जाएंगे । |

| | |
|---|---|
| 4.22 | शीतलपुर में ढाला RUB से शेड का निर्माण \| |
| 4.23 | सुगौली संधि स्थल होने के कारण प्लेटफार्म संख्या 01 पर संधि प्रतिक स्थल का निर्माण की स्थिति। |
| 4.24 | सेमरा स्टेशन के पुरब की तरफ वर्षों से रेलवे गुमटी चालू था लेकिन अब उसे बंद किया जा रहा है जिससे आम नागरिको को अत्यधिक कठिनाई हो रही है, उस स्थान पर लाईट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य हो। |
| 4.25 | चनपटिया स्टेशन पर यात्री विश्रामालय के साथ VIP यात्रीयों के लिए स्वच्छ विश्रामालय की व्यवस्था के साथ शुद्ध पेय जल की व्यवस्था एवं शौचालय के लिए टंकी द्वारा पानी की सुविधा कार्य की स्थिति। |
| 4.26 | कुमारबाग स्टेशन पर फुटओवर ब्रीज का निर्माण इंजीनियरिंग कॉलेज को लेकर अति आवश्यक है। |
| 4.27 | आदापुर रेलवे स्टेशन के रेलवे फूट ओवरब्रिज का फाटक के तरफ extension कब होगा। |
| 4.28 | रक्सौल स्टेशन के दोनों तरफ ROB की स्थिति की विस्तृत जानकारी। |
| 4.29 | (ट्रेन नंबर 05288) रक्सौल से मुज्जफरपुर 4 बजे सुबह में जो ट्रेन जाती है उसको 7:30 बजे सुबह किया जाय । |
| 4.30 | अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को बेतिया के तरफ से नरकटियागंज ले जाया जाए जिससे बेतिया वासियों को भी अयोध्या धाम की सुविधा मिल सके । |
| 4.31 | बनकटवा के जयमूर्ति नगर हॉल्ट का उच्चीकरण करना अतिआवश्यक है। |
| 4.32 | पत्र के साथ श्री अमोद कुमार का आवेदन पत्र (स्टेशन मास्टर, कर्मचारी सं0.-533P9876724) का स्थानांतरण समस्तीपुर डिविजन के गोखुला स्टेशन से समस्तीपुर डिविजन के भेलवा, रामगढ़वा या रक्सौल स्टेशन में करवाने हेतु संलग्न है। ये मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवपुरी, वार्ड नं0-19, कौडीहार चौक, पोस्ट थाना- रक्सौल, जिला- पूर्वी चम्पारण के निवासी है इनकी विधवा माँ अत्यंत वृद्ध है एवं गंभीर बिमारी से ग्रसित है। जिनके देखभाल के लिए एकमात्र संतान यही है।<br><br>आग्रह है इनके आवेदन को देखते हुए इनका स्थानांतरण उपरोक्त वर्णित किसी भी स्टेशन पर करवाने का कष्ट करेंगे। |
| 4.33 | मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सिंघिया रेलवे क्रासिंग संख्या-163 मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अवस्थित है तथा रेलवे क्रासिंग के दोनों तरफ घनी आबादी है। इस रेलवे क्रासिंग पर ROB का निर्माण हो चुका है लेकिन रेलवे क्रासिंग के एक तरफ के जनता को दूसरी तरफ जाने के लिए 4 कि.मी. की दूरी तय करनी होगी। इसी क्रासिंग के नजदीक कर्पूरी ठाकुर महाविद्यालय है।<br>अतः आग्रह है सिंघिया गुमटी रेलवे क्रासिंग संख्या- 163 को जनहित में चालू रखा जाय \| |

| | |
|---|---|
| 4.34 | कुमारबाग रेलवे स्टेशन के रेक प्वाईंट के दोनों तरफ रेलवे क्रासिंग की तरफ जानेवाली सड़क का निर्माण\| |
| 4.35 | बानूछापर रेलवे क्रासिंग पर ROB को एनएच 727 से जोड़ना \| |
| 4.36 | पारसा हॉल्ट स्टेशन पर टॉयलेट का निर्माण । |
| 4.37 | फारसा हॉल्ट स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन संख्या 15215/15216 का ठहराव । |
| 4.38 | सेमरा रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रीज का निर्माण करीब 1.5 साल से रुका पड़ा है, निर्माण शीघ्र कराना जनहित में आवश्यक है। |
| 4.39 | गाड़ी संख्या-05525 को नरकटियागंज तक विस्तार किया जाए। |
| 4.40 | एक गाड़ी घोड़ासाहन से सीधे मोतिहारी के लिए चलाया जाए। |
| 4.41 | बानूछापुर रेलवे क्रॉसिंग पर आर0ओ0बी0 को एनएच 727 से जोड़ा जाए। |
| 4.42 | छौड़ादानों रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-01 रेलवे ट्रैक के समतल प्लेटफार्म है जिसे और उँचा किया जाना आवश्यक है। |
| 4.43 | ट्रेन संख्या- 05288 जो रक्सौल से मुजफ्फरपुर 04 बजे सुबह चलती है उसका समय 7.30 सुबह किया जाय। |
| 4.44 | पूर्व में सभी लोकल ट्रेनो जो नरकटियागंज से सीधे दरभंगा तक जाती थी उसे पुनः चलाया जाए। |
| 4.45 | रक्सौल से काठमांडू नये रेलवे लाइन को शीघ्र पूर्ण किया जाये। |
| 4.46 | मंडुआडीह-प्रयागराज को पुनः प्रारंभ किया जाये। |
| 4.47 | सगौली स्टेशन पर हमसफर ट्रेन का ठहराव दिया जाये। |
| 4.48 | पुराने ब्रीज को डिस्मेंटल करके नये ब्रीज को बनाया जाये। |
| 4.49 | सगौली में हमसफर एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाये। |
| 4.50 | रक्सौल में आश्रम के नाम पर रेल भूमि का अतिक्रमण किया जा रहा है, उसे हटाया जाये। |

## 5.0 श्री नित्यानंद राय, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (गृह मंत्रालय), भारत सरकार|

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| | सिंघिया घाट रेलवे स्टेशन : |
| 5.1 | सिंघिया घाट रेलवे स्टेशन से पूरब समपार फाटक से दूर एक किलोमीटर पूरब अंडर पास के निर्माण का कार्य कराने का कष्ट करेंगें| |
| 5.2 | सिंघिया घाट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की ऊंचाई कम होने से रेल लाइन से सटा हुआ है, जिससे यात्रियों को चड़ने-उतरने में कठिनाई होती है, यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने का कष्ट करेंगे| |
| 5.3 | सिंघिया घाट रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म की लम्बाई बढ़ाने का कष्ट करेंगें| |
| 5.4 | सिंघिया घाट रेलवे प्लेटफार्म पर अवस्थित शौचालय में ताला लगा रहता है, उसको चालू कराने का कष्ट करेंगे| |
| 5.5 | सिंघिया घाट रेलवे स्टेशन पर बड़े आकार का तिरंगा झंडा लगाने का कष्ट करेंगे| |
| | भगवानपुर देसुआ रेलवे स्टेशन : |
| 5.6 | भगवानपुर देसुआ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पहुचने के लिए मुख्य सड़क से प्लेटफार्म तक पहुँचने के लिए मुख्य सड़क से प्लेटफार्म तक पहुँचने वाली सड़क का निर्माण कराने का कष्ट करेंगे| |
| 5.7 | भगवानपुर देसुआ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पेयजल के लिए दो चापाकल लगा हुआ है, जिससे पीने योग्य पानी नही मिलता है, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराने का कष्ट करेंगे| |
| | अंगारघाट रेलवे स्टेशन : |
| 5.8 | अंगारघाट रेलवे स्टेशन पर एफओबी का निर्माण यात्री सुविधा हेतु आवश्यक है, उसका निर्माण अविलम्ब कराने का कष्ट करेंगे| |
| 5.9 | सिंघियाघाट रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म छोटा है जिसे बढाने की आवश्यकता है। |
| 5.10 | सिंघियाघाट रेलवे स्टेशन पर एक बड़े आकार का तिरंगा झंडा लगाया जाए। |
| 5.11 | भगवानपुर देसुआ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पानी पीने के लिए 02 चापाकल लगा हुआ जिसमें से पीने योग्य पानी नहीं निकलता है। |
| 5.12 | सभी एक्सप्रेस गाड़ियों को जनरल कोच बढाया जाए । |
| 5.13 | नई दिल्ली से दरभंगा तक एक बंदे भारत ट्रेन चलाया जाए। |
| 5.14 | समस्तीपुर रेल मंडल में हस्तशिल्प कला केन्द्र का उद्‌घाटन किया गया था जिसमें कार्यरत कर्मचारियों को हटा दिया गया है, आग्रह है कि पुनः बहाल किया जाये। |
| 5.15 | समस्तीपुर से दरभंगा जाने में डेमू को साढ़े तीन घंटे लगते हैं, इसका टाइमिंग ठीक किया जाये। |

## 6.0 श्री गिरिराज सिंह, माननीय केंद्रीय मंत्री (वस्त्र मंत्रालय), भारत सरकार

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 6.1 | खगड़िया - समस्तीपुर खंड (भाया - सलौना, हसनपुर, रोसड़ा) पर पाटलिपुत्रा के लिए गाड़ी चलाई जाए। |
| 6.2 | समस्तीपुर -सहरसा खंड पर पैसेंजर गाड़ियों की संख्या बढ़ाई जाए। |
| 6.3 | जानकी एक्सप्रेस में एसी चेयर कार की बॉगी लगाई जाए। |
| 6.4 | सलौना में आरक्षण काउंटर 12 घंटे खोला जाए। |
| 6.5 | सलौना में रैक प्वाइंट के लिए प्लेटफॉर्म नंबर तीन का निर्माण हो। |
| 6.6 | सलौना में जीआरपी पुलिस थाना की स्थापना की जाए। |
| 6.7 | पठानटोली रेलवे ढाला (LC 8) से सलौना ढाला (LC 7) तक सड़क का निर्माण कर इसे गोढ़ियारी फाटक LC 6B से मिलाया जाए। |
| 6.8 | सोनमा प्राणपुर रेलवे हॉल्ट को पूर्ण स्टेशन का दर्जा दिया जाए। |
| 6.9 | श्रीकृष्ण सिंह गढ़पुरा स्टेशन के सभी पहुंच पथ टूटकर ध्वस्त हो चुके हैं। उसे अविलंव सुदृढ़ किया जाए। |
| 6.10 | श्रीकृष्ण सिंह गढ़पुरा में जानकी एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। |
| 6.11 | समस्तीपुर-सहरसा खंड में पैसेंजर गाड़ियों की संख्या बढायी जाए। |
| 6.12 | सलौना में आरक्षण काउण्टर 12 घंटे के लिए खोला जाए। |
| 6.13 | जनकी एक्सप्रेस में एसी चेयर कार की बोगी लगाया जाए। |
| 6.14 | श्रीकृष्ण सिंह गढ़पुरा स्टेशन के सभी पहुँच पथ टूट गया उसे मरम्मत कराया जाए। |
| 6.15 | सलौना में रैक प्वाइंट के लिए प्लेटफार्म नं0-3 का निर्माण कराया जाए। |

## 7.0 श्री प्रदीप कुमार सिंह, माननीय सांसद (लोक सभा), अररिया ।

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 7.1 | कटिहार से वाया अररिया-फारबिसगंज झंझारपुर-सीतामढ़ी रक्सौल के रास्ते अमृतसर के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन हो। |
| 7.2 | कोरोना काल से बंद पड़ी ट्रेन संख्या 13123/24 सियालदह- सीतामढ़ी एक्सप्रेस का एक नए रूट वाया फारदित्तगंज कटिहार के रास्ते पुनः परिचालन शुरू हो। |
| 7.3 | ट्रेन संख्या 75205/06. सहरसा ललित ग्राम डेमु का विस्तार फारबिसगंज तक हो । |
| 7.4 | जोगबनी से लौकहा बाजार तक फारबिसगंज नरपतगंज झंझारपुर होते हुए डेमू ट्रेन का परिचालन हो जो भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित दो शहरों को आपस में जोड़ेगी। |
| 7.5 | दरभंगा से गुवाहाटी के लिए वाया फारबिसगंज कटिहार होते हुए एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन हो। |
| 7.6 | फारबिसगंज- सहरसा रेल खंड पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाए। जब यह रेलखंड मीटर गेज का था तब यहां 7 जोड़ी ट्रेने चला करती थी। |
| 7.7 | ट्रेन संख्या 15502/01 जोगबनी रक्सौल विहार तक वाया सीतामढ़ी छपरा बलिया द्विसाप्ताहिक ट्रेन का विस्तार आनंद वाराणसी जौनपुर- अयोध्या धाम- लखनऊ मुरादाबाद हो। इसके परिचालन से इस क्षेत्र के लाखों श्रद्धालुओं को देश के दो महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों पर जाने की सुविधा होगी। |
| 7.8 | कटिहार से अमृतसर के लिए स्पेशल ट्रेन संख्या 05735/36 जो वाया अररिया- फारबिसगंज- नरपतगंज के रास्ते चलती थी. की उपयोगिता को देखते हुए को इसे स्थाई रूप से चलाया जाए। |
| 7.9 | 13211/12 जोगबनी दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को स्पीड अप करते हुए इसका रनिंग टाइम कम किया जाए। वर्तमान में इस ट्रेन में काफी समय लग रहा है। |
| 7.10 | 13213/14 जोगबनी सहरसा एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार पटना तक किया जाए जिससे पटना के लिए एक रात्रिकालीन ट्रेन की मांग पूरी होगी। |
| 7.11 | फारबिसगंज स्टेशन पर वॉशिंग एप्रोन और वॉटर फिलिंग का प्रावधान करते हुए यहां ट्रेन के रनिंग स्टाफ की सुविधा के लिए रनिंग रूम को फिर से चालू किया जाए। |
| 7.12 | फारबिसगंज सुभाष चौक पर स्थित K.J 65 रेलवे क्रॉसिंग के पास नरपतगंज की ओर जाने वाली नवनिर्मित रेल लाइन को फारबिसगंज से जोड़ा जाए जिससे फारबिसगंज से सरायगढ़ की ओर जाने वाली की ओर जाने वाली ट्रेनों का निर्वाध परिचालन हो सके। |
| 7.13 | E. C. Railway के अंतर्गत निर्माणाधीन अररिया कोर्ट लाइन के निर्माण की गति में तेजी लाई जाए। |

| | |
|---|---|
| 7.14 | भविष्य में सिलीगुड़ी अररिया रेल लाइन के चालू हो जाने पर अधिकांश गाड़ियां फारबिसगंज के रास्ते उत्तर भारत की ओर जाएगी, ऐसे में इन ट्रेनों के सुगमतापूर्वक परिचालन एवं रखरखाव के लिए ई .सी. रेलवे के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत फारबिसगंज और चक्रदाहा हॉल्ट के बीच न्यू फारबिसगंज के नाम से एक नए रेलवे स्टेशन का निर्माण हो जहां वाशिंग पिट लाइन, सिक लाइन, स्टेबलिंग लाइन, रनिंग रूम, रेक पॉइंट इत्यादि का निर्माण हो। फारबिसगंज स्टेशन में स्थानाभाव के कारण न्यू फारबिसगंज/फारबिसगंज कोर्ट स्टेशन का निर्माण काफी आवश्यक है\| |
| 7.15 | अररिया कोर्ट से फारबिसगंज नरपतगंज सरायगढ़ होते हुए खगड़िया, गंगा रेल पुल, मुंगेर भागलपुर के रास्ते देवघर के लिए त्रिसाप्ताहिक ट्रेन का परिचालन हो। |
| 7.16 | गाड़ी सं0-13213/14 जोगबनी-सहरसा एक्सप्रेस को पटना तक विस्तार किया जाए। |
| 7.17 | अररिया से नई दिल्ली के लिए कोई सुपर फास्ट ट्रेन चलाया जाए। |
| 7.18 | जोगबनी से नई दिल्ली के लिए कोई ट्रेन नही है। |
| 7.19 | फारबिसगंज में एक आर0ओ0बी0 का निर्माण कराया जाए। |
| 7.20 | मेरे द्वारा अनुशंसित मंडल में आपातकालीन कोटा से टिकट आरक्षित नहीं हो पाता है। |

## 8.0 श्री रामप्रीत मंडल, माननीय सांसद (लोक सभा), झंझारपुर

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 8.1 | लौकहा में वाशिंगपिट का निर्माण हो । |
| 8.2 | दरभंगा कमिश्नरी से पूर्व की ओर मेरे संसदीय क्षेत्र जयनगर से मुम्बई की सिर्फ एक ट्रेन 11061/62 पवन एक्सप्रेस चल रही है, जिस से यात्री काफी कठिनाई का सामना कर सफर करते है, इसलिए गाड़ि संख्या 12141/12142 पाटलिपुत्र सुपरफास्ट का लौकहा तक विस्तार करें।<br>अथवा लोकहा से मुम्बई के लिए एक नई ट्रेन का परिचालन हो। |
| 8.3 | झंझारपुर से लौकहा तक चल रही पैसेंजर गाड़ी संख्या 05201/02/03/04/ का विस्तार समस्तीपुर तक करें। |
| 8.4 | गाड़ी संख्या 15507/08 का विस्तार लौकहा तक किया जाए ताकि लौकहा से झंझारपुर होकर राजधानी पटना तक रात्रीकालीन ट्रेन सुविधा उपलब्ध हो।<br>अथवा लौकहा से पटना की सुपरफास्ट नई ट्रेन का परिचालन शुरू करें। |
| 8.5 | दरभंगा से चल रही कुछ ट्रेन का विस्तार लौकहा तक करें ताकि दरभंगा से नये गाड़ियों का परिचालन संभव हो। |
| 8.6 | सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र से एक भी वन्दे भारत जैसी प्रिमियम गाड़ी नही है। इसिलिये दरभंगा से राजधानी - नई दिल्ली तक स्लीपर वन्दे भारत एक्सप्रेस वाया सीतामढ़ी, रक्सौल परिचालित हो। |
| 8.7 | गाड़ी संख्या 05577/78 सहरसा-आनंदबिहार गरीब रथ एक्सप्रेश को नव वर्ष पर नियमित करें। इस क्षेत्र से आनंद बिहार के लिये यात्री भार भी बहुत अच्छा है।<br>ध्यानार्थ - आनंद बिहार से ट्रेन का खुलने का समय 08 बजे सुबह या उसके बाद हो क्योंकि 05 बजे आनंद बिहार से ट्रेन लेने के लिये पूरी रात यात्री को स्टेशन पर गुजारना पड़ता है और रात के समय मेट्रो सेवा भी पूरी तरह बंद होती है। |
| 8.8 | कोरोना काल से समय बंद गाड़ी संख्या 13123/24 सियालदह-सीतामढ़ी एक्सप्रेस का परिचालन पुनः एक नये रूट झंझारपुर-फारबिसगंज-कटिहार के रास्ते शुरू हो। |
| 8.9 | झंझारपुर होकर चल रही गाड़ी संख्या 15501/02 जो रक्सौल से जोगबन्नी के बीच चलती है, इसके टर्मिनल में बदलाव कर इसे कटिहार से जोगबनी प्रतिदिन अप/डाउन चलाया जाय। |
| 8.10 | कटिहार से फारबिसगंज, झंझारपुर, सीतामढ़ी, रक्सौल होकर पंजाब (अमृतसर) के लिये नई रेल सेवा शुरू हो। |
| 8.11 | नव वर्ष पर पूर्व से स्वीकृत जयनगर, रक्सौल फास्ट पैसेन्जर गाड़ी का परिचालन शुरू हो। |

| | |
|---|---|
| 8.12 | जयनगर रेलवे स्टेशन के समीप पटना गद्दी चौक से प्रखण्ड रोड तक ट्रको द्वारा सड़क जाम लगाकर रास्ता में होने वाले आम जनो को कठिनाईयो से अवगत होकर पुराने लाईन वाली कच्ची सड़क को पक्की करण कर एफसीआई गोदाम तक उक्त रेलवे जमीन पर पीसीसी सड़क निर्माण कराया जाय जो जनहित में अहम है। |
| 8.13 | जयनगर रेलवे स्टेशन के समीप पुराने लाईन वाली कच्ची सड़क को पक्की करण कर एफसीआई गोदाम तक पीसीसी बनने हेतु नो आवजेक्सन सर्टिफिकेट देने का कष्ट करें। |
| 8.14 | दिनांक 17.12.2021 को कमला बैरेज/जयनगर के शिलान्यास करने हेतु बिहार के माननीय मुख्यमंत्री निबंधन कार्यालय से शहीद चौक/जयनगर तक बड़ा ओवर ब्रीज बनने हेतु निर्देश दिये थे। लेकिन अभी तक कोई भी पहल नही हुआ । इस दिशा में कार्यवाही हो। |
| 8.15 | जयनगर महेन्द्र चौक (युनियन टोला) से पटना गद्दी जयनगर के बीच ओवर ब्रीज के बीच इण्डियन ट्रेन व नेपाली ट्रेन का रेल लाईन गुजरती है जिससे राहगीरो को काफी दिक्कते होती है। यहॉ पर या तो रेल ओवर ब्रीज या अंदर पास सड़क के निर्माण हेतु कार्यवाही हो। |
| 8.16 | इन्दौर से जयनगर एवं सहरसा तक गाड़ी चलाने हेतु कार्यवाही किया जाय। |
| 8.17 | मधुबनी रेलवे स्टेशन के आगे गौशाला रांटी रोड में गुमटी नंबर 13 के पास रेलवे ओवर ब्रीज का मुद्दा कई बार रखा हूँ लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नही हुआ है जो कि जिला के सबसे अहम गुमती है और हमेशा जाम लगा ही रहता है उसका अभी तक कार्यवाही कि जानकारी साक्षा करते हुये निर्माण की दिशा में पहल किया जाय। |
| 8.18 | झंझारपुर अंतर्गत झंझारपुर से लौकहा रेलवे लाईन का निर्माण के साथ-साथ सभी छोटे बड़े हाल्ट एवं स्टेशनो पर भवन टिकट काउण्टर के अलावा लौकहा से देश के अलग-अलग जगहो पर गाड़ी चलने की दिशा में पहल किया जाय। |
| 8.19 | झंझारपुर अंतर्गत झंझारपुर से लौकहा रेलवे लाईन सरदार बल्भव भाई पटेल हाल्ट के समीप वाईपास की दिशा में पहल किया जाय। |
| 8.20 | झंझारपुर अंतर्गत झंझारपुर से लौकहा रेलवे लाईन सरदार कमलपुर के समीप वाईपास की दिशा में पहल किया जाय। |
| 8.21 | झंझारपुर अंतर्गत झंझारपुर से लौकहा रेलवे लाईन के अंतर्गत झंझारपुर लगड़ा चौक (झंझारपुर) बैरेल चौक (खुटौना) एवं खुटौना -लौकहा रोड में लौकहा स्टेशन के पहले गुमती के समीप रेल ओवरब्रीज की दिशा में पहल किया जाय। |
| 8.22 | घोघरडीहा रेलवे (पूर्व मध्य रेल) चौक से पूर्वी भाग एप्रोच रोड अंडर पास तक पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य अभी तक काम नही हुआ है। |
| 8.23 | घोघरडीहा रेलवे (पूर्व मध्य रेल) आने-जाने के लिये कोशी बांध से होकर पूवी अण्डर पास तक पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य अभी तक काम नही हुआ है। |
| 8.24 | सहरसा से भाया झंझारपुर-सकरी होते हुये देश के अलग-अलग जगहो के लिये गाड़ियो का संचालन के संबंधित है अभी तक कुछ भी जानकारी नही किया गया है। |
| 8.25 | खुटौना रेलवे (पूर्व मध्य रेल) पर रैक प्वाईन्ट की स्थापना की दिशा में कार्यवाही हो। यह स्टेशन मुख्य व्यापारियो का केन्द्र है। |
| 8.26 | जयनगर रेलवे स्टेशन से खुटौना तक नई रेल बिछाने एवं विभिन्न गाड़ियो को मार्ग विस्तार करने के संबंध में। |

| | |
|---|---|
| 8.27 | घोघरडीहा रेलवे स्टेशन से निर्मली जाने वाली मुख्य सड़क तक पहूँच पथ से जोड़ने हेतु रेल विभाग से जरूरी अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में अभी तक कार्यवाही नही हुआ है। दूरी लगभग एक किमी. है। |
| 8.28 | जयनगर से देहरादून तक नयी गाड़ी चलाई जाय। |
| 8.29 | घोघरडीहा रेलवे स्टेशन एवं झंझारपुर रेलवे स्टेशन के बगल में जल जमाव की समस्या के निवारण से संबंधित है। इस पर अभी तक कार्यवाही नही हुआ है। |
| 8.30 | संसदीय क्षेत्र झंझारपुर के अंतर्गत समस्तीपुर रेल मण्डल के अंतर्गत सकरी-निर्मली रेल खण्ड पर नेमुआ हाल्ट के समीप रामपार रेल फाटक निर्माण करने के संबंध में अभी तक कार्रवाई नही हुआ है। |
| 8.31 | सकरी से झंझारपुर भाया सहरसा एवं झंझारपुर से लौकहा के सभी रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर एक वृद्ध एवं एक विकलांग के लिये भी विशेष रेलवे द्वारा शौचालय एवं हाई मास्क लाईट का निर्माण कराया जाय। |
| 8.32 | जयनगर लौकहा झंझारपुर रेलवे स्टेशन परिसर में 100 फीट उॅचा तिरंगा लगाया जाय। |
| 8.33 | जयनगर रेलवे स्टेशन के समीप जल जीवन हरियाली योजना के तहत पेड़ पौधा और चबुतरा और चापाकल को तोड़ा गया। 10 नंबर वार्ड महादलित टोला है। इसके भी रेलवे द्वारा बिना किसी नोटिश एवं सूचना के तोड़ा गया। अभी इस पर कुछ भी निर्माण नही होना है। इसका जॉच किया जाय। |
| 8.34 | जयनगर रेलवे स्टेशन परिसर में जहॉ पर पब्लिक का ठहराव है, वहॉ पर एक भी शौचालय नही है जिससे यात्री को काफी कठिनाई होती है। इस दिशा में कार्रवाई हो। |
| 8.35 | उपरोक्त संदर्भ में कृत कार्रवाई से मुझे भी अवगत कराना चाहेगें। |
| 8.36 | झंझारपुर लौकहा रेल खण्ड पर स्थित बड़हारा हाल्ट को रेलवे स्टेशन में परिवर्तन किया जाय। |
| 8.37 | झंझारपुर लौकहा रेल खण्ड पर स्थित खुटौना रेलवे स्टेशन में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक जाने के लिये सीढ़ी का निर्माण हो। |
| 8.38 | राजनगर स्टेशन का अपना एक अलग एतिहासिक महत्व है फिर भी यहाँ दुरतगामी गाड़ियो का ठहराव नही होना एक विडम्बना है। साथ ही यहॅा पर स्वतंत्रता सेनानी व गरीब रथ सहित सभी दुरतगामी गाड़ियो का ठहराव होने की भी आवश्यकता है क्योंकि राजनगर में एसएसबी की बटालियन है। जहॉ देश के सभी प्रान्त के जवान नौकरी करते है। उनलोगो को अवकाश के समय घर जाने के लिये गाड़ी पकड़ने के लिये 15 से 25 किमी दूर मधुबनी या जयनगर जाना पड़ता है। वही राजनगर में एतिहासिक राज पैलेस भी है। इससे सेलानी भी अधिक से अधिक पहूँचेगें। |
| 8.39 | जयनगर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय स्टेशन का दर्जा दिया जाय एवं प्लेटफार्म का विस्तार किया जाय। |
| 8.40 | मिथिला क्षेत्र में जहॉ जहॉ रैक प्वाईन्ट है, खासकर मधुबनी जिला के अंतर्गत झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में यूरिया खाद एवं डीएपी के एक और रैक लगाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दें ताकि यह जिला, किसान का जिला है। |

| | |
|---|---|
| 8.41 | माननीय सांसद महोदय द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा दिये गये 40 मदों में 38 मदों का जबाव मिला है, जो संतोषप्रद है। शेष दो मदो का जवाब दिया जाए। |
| 8.42 | मधुबनी- जोगवनी रेल खंड के गेट संख्या- 13 के पास ओवरब्रीज बनाया जाए। यह मुद्दा काफी पुराना है परन्तु अभी तक इसका निर्माण नहीं हो सका है। |
| 8.43 | दरभंगा से चल रही कुछ ट्रेनो को लौकहा तक किया जाए। |

## 9.0 श्री दिलेश्वर कामैत, माननीय सांसद (लोक सभा), सुपौल |

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 9.1 | गरीब रथ (स्पेशल) सहरसा भाया सुपौल झंझारपुर, दरभंगा होते हुए आनंद विहार तक स्थाई रूपसे परिचालन किया जाय :-<br><br>अक्टुबर 2024 में 04031 / 04032 गरीब रथ स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया गया था जो 30/11/2024 को बंद कर दिया गया। पुनः गरीब रथ स्पेशल 05577/05578 का परिचालन 04/12/2024 से शुरू किया गया है, जिसका परिचालन 28/02/2025 तक ही दिया गया है। उक्त ट्रेन का परिचालन जनहित में स्थायी रूप से नियमित किया जाय। स्थायी रूप में नियमित परिचालन से सरकार का राजस्व में भी काफी वृद्धि होगी तथा सीमावर्ती क्षेत्रों की जनता भी लाभान्वित होंगे। |
| 9.2 | राज्य रानी ट्रेन सं0 12567/12568 राजेन्द्र नगर से सहरसा चलती है तथा इसका विस्तार कर सरायगढ़ विशेष ट्रेन (05569/05570) के रूप में परिचालन किया जाता है उक्त ट्रेन (12567/12568) का परिचालन सरायगढ़ तक स्थायी रूप से किया जाय। |
| 9 .3 | समस्तीपुर मंडल के प्रतापगंज रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेश गाड़ी सं013211/13212 (जोगबनी-दानापुर) तथा 13213/13214 (जोगबनी-सहरसा) का ठहराव 2 मिनट किया जाय जिससे सीमावर्ती क्षेत्र की जनता को बिहार की राजधानी पटना तथा जिला मुख्यालय सुपौल जाने-आने की सुविधा हो। |
| 9.4 | समस्तीपुर मंडल अंतर्गत निर्मली स्टेशन एवं घोघरडिया रेलवे स्टेशन के बीच बेलही में हाल्ट बनाया जाय। ब्रिटिश काल में भी बेलही में हॉल्ट था। |
| 9.5 | समस्तीपुर मंडल अंतर्गत 1934 के भूकंप में ध्वस्त प्रतापगंज से भीमनगर रेल लाइन का RET सर्वे का काम पूरा हो चूका है जमीन भी उपलब्ध है नई रेल लाइन स्वीकृत कर उक्त सीमावर्ती क्षेत्र में रेल लाईन का निर्माण कर परिचालन किया जाय। यह क्षेत्र की चिरलंबित मांगे है। |
| 9.6 | वर्तमान में सवारी गाड़ी सं 05523 ललितग्राम सहरसा डेमू, गाड़ी सं 13213 जोगबनी सहरसा एक्सप्रेस के ठीक पीछे चलती है। जिस कारण इस ट्रेन (05523) से यात्रियों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है, इसलिए गाड़ी सं० 05523 ललितग्राम सहरसा डेमू को ललितग्राम से सुबह 06:30 बजे सहरसा के लिए खोला जाय, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को इलाज कराने, सरकारी कार्यालय, कॉलेज व अन्य कार्यो से सुपौल और सहरसा जाने के लिए सुबह के समय ट्रेन की सुविधा मिल जाएगी। |
| 9.7 | गाड़ी संख्या 14603/14604 अमृतसर सहरसा जनसाधारण एक्सप्रेस सहरसा जं० पर 21 घंटा खड़ी रहती है। जिसका प्राथमिक रख-रखाव भी अमृतसर ही किया जाता है, इसलिए इसका विस्तार सुपौल - राघोपुर होते हुए ललितग्राम तक किया जाय। |

| | |
|---|---|
| 9.8 | गाड़ी संख्या 05579/80 दरभंगा फारबिसगंज डेमू के समय सारणी में सुधार की आवश्यकता है। इसे दरभंगा से सुबह 08:00 बजे फारबिसगंज के लिए खोला जाय और वापसी में दिन के समय फारबिसगंज से दरभंगा के लिए खोला जाय। |
| 9.9 | सहरसा फारबिसगंज रेलखंड पर सुपौल जिला अंतर्गत नगर पंचायत सिमराही वार्ड 11 स्थित रामपुर गांव में किमी 103/5 के पास बने समपार को आमान परिवर्तन के बाद बंद कर दिया गया है, जबकि उक्त स्थान के दोनों तरफ घनी आबादी है। जिस कारण लोगों को आवागमन की समस्या उत्पन्न हो गई है। जबकि उक्त गांव में रेलवे लाइन के दोनों तरफ पक्की सड़क बना हुआ है, इसलिए उक्त स्थान पर अंडरपास का निर्माण किया जाय या यू टर्न करके एप्प्रोच रोड बना दिया जाय । |
| 9.10 | कटिहार या जोगबनी से फारबिसगंज, राघोपुर, निर्मली, झंझारपुर होते हुए नई दिल्ली के लिए एक नई सुपरफास्ट ट्रेन या सहरसा से झंझारपुर-दरभंगा होते हुए नयी दिल्ली तक परिचालन किया जाय, जिससे कोसी का यह पिछड़ा तथा सीमावर्ती इलाका का सीधा जुड़ाव देश की राजधानी से हो सकें। |
| 9.11 | दरभंगा से निर्मली, राघोपुर, फारबिसगंज होते हुए हावड़ा या सियालदाह के लिए द्विसाप्ताहिक नई ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाय। अथवा दरभंगा से हावड़ा के बीच चल रही सप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 15235/15236 के मार्ग में परिवर्तन करते हुए इसका परिचालन सप्ताह में दो दिन वाया झंझारपुर, सुपौल तथा सहरसा के रास्ते परिचालन किया जाय। |
| 9.12 | राघोपुर तथा ललितग्राम रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण मूलभूत सुविधा में से एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे यात्रियों को काफी असुविधाएं होती है। इसलिए यात्रियों की सुविधाओं के लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया जाय। |
| 9.13 | गाड़ी सं० 13227/13228 सहरसा राजेन्द्र नगर इंटरसीटी एक्सप्रेश का प्राथमिक रखरखाव का कार्य दानापुर मंडल के राजेन्द्रनगर में ही किया जाता है तथा सहरसा में इसका लाय ओवर लगभग 10घंटा है अतः इस ट्रेन को सुपौल या सरायगढ़ तक विस्तार किया जाय। |
| 9.14 | सहरसा से नई दिल्ली भाया सुपौल, झंझारपुर दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेश नई ट्रेन चलाई जायअथवा उक्त सेक्सन में रात्रि कोई मेल/एक्सप्रेश ट्रेन दी जाय। |
| 9.15 | सुपौल अररिया-अररिया गलगलिया नई रेल परियोजना का काम काफी तेजी से चल रहा है तथा आश्वासन दिया गया था कि उक्त खंड पर रेलपरिचालन का प्रारंभ मार्च 2024 तक किया जा सकता है माननीय रेल मंत्री भी उक्त परियोजना का शुभांरभ सुपौल करने के लिए सहमत है क्या 31 मार्च 2025 के पहले उक्त परियोजना का शुभारंभ किया जा सकता है ? |
| 9.16 | पूर्व में दरभंगा से लौकहा बाजार के लिए प्रतिदिन सवारी गाड़ी चलती थी। जिससे मिथिला सहित पड़ोसी देश नेपाल के लोगों को भी सहूलियत होती थी। दरभंगा से लौकहा बाजार वर्षो से ट्रेन बंद है। पूनः चालू किया जाय। |
| 9.17 | गाड़ी संख्या-05577 परिचालन स्थायी रूप से किया जाए। |
| 9.18 | गाड़ी संख्या 14603 का ठहराव ललितग्राम स्टेशन पर किया जाए। |

## 10.0 डॉ. अशोक कुमार यादव, माननीय सांसद (लोक सभा), मधुबनी |

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 10.1 | मधुबनी गुमटी नं0-13 एवं 10 पर आर० ओ० बी० का निर्माण। (अद्यतन स्थिति क्या है।) |
| 10.2 | पण्डौल स्टेशन पर आरक्षण काउन्टर पूर्व में था जो अभी बंद है. यथाशीघ्र चालू कराया जाय। |
| 10.3 | पण्डौल स्टेशन पर, कमला इन्टरसीटी, शहीद, जानकी, गंगासागर एवं स्वतंत्रा सेनानी एक्सप्रेस का ठहराव किया जाय। (कोरोना से पूर्व सभी गाड़ियों का ठहराव था।) |
| 10.4 | पण्डौल स्टेशन पर यात्री शेड का विस्तार एवं सौदर्यीकरण कराया जाय। |
| 10.5 | कमतौल स्टेशन प्लेटफॉर्म सं0-01 पर पुरूष एवं महिला शौचालय, यात्री शेड का विस्तार किया जाय। |
| 10.6 | मुरैठा हॉल्ट पर पेयजल, यात्री शेड, प्रकाश की व्यवस्था एवं पूरब की तरफ से पहुँच पथ का निर्माण कराया जाय। |
| 10.7 | जोगियारा स्टेशन के प्रतिक्षालय का सौदर्यीकरण, पुरुष एवं महिला शौचालय का निर्माण एवं यात्री शेड का विस्तारीकरण किया जाय। |
| 10.8 | जोगियारा स्टेशन के पूरब हनुमान मंदिर के तरफ से जर्जर सड़क का पुनः निर्माण कराया जाय। |
| 10.9 | जोगियारा स्टेशन पर पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस, गरीब रथ एक्सप्रेस एंव अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव कराया जाय। |
| 10.10 | मोहम्मदपुर स्टेशन के पूरब एवं पश्चिम दोनों तरफ जर्जर पहुँच पथ का पुनः निर्माण कराया जाय। |
| 10.11 | मोहम्मदपुर स्टेशन प्लेटफॉर्म सं0-01 पर यात्री शेड, प्रतिक्षालय का विस्तारीकरण, पुरुष-महिला शौचालय एवं प्रकाश की व्यवस्था कराई जाय। |
| 10.12 | शहीद सूर्य नारायण हॉल्ट पर प्लेटफॉर्म की ऊँचीकरण, सुदृढीकरण, प्रकाश की व्यवस्था एवं सौदर्यीकरण कराया जाय। (संवेदक द्वारा कार्य अधूरा करके छोड़ दिया गया है।) |
| 10.13 | मोहम्मदपुर एवं टेकटार के बीच गुमटी नं0-10 (गोपालपुर) एस० एच० 75 पर आ० ओ० बी० का निर्माण। |
| 10.14 | दरभंगा सकरी रेलखंड में गुमटी नं0-29 एवं 30 के बीच गोपालपुर में नया समपार का निर्माण कराया जाय, जिससे एस० एच० एवं एन० एच० आई० सड़क का संपर्क शुलभ हो जाएगा। |
| 10.15 | जयनगर अमृतसर गाड़ी संख्या-04651 का ठहराव मधुबनी में भी किया जाय। |

## 11.0 डॉ. गोपाल जी ठाकुर, माननीय सांसद (लोक सभा) दरभंगा |

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 11.1 | लहेरियासराय स्टेशन जिला मुख्यालय एवं प्रमंडल मुख्यालय के निकट अवस्थित है लेकिन सुपरफास्ट ट्रेन का ठहराव नहीं है। अतः उक्त स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाय। |
| 11.2 | दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत रेलवे द्वारा कराए जा रहे कार्य एवं पूर्ण किए गए कार्य का शिलान्यास एवं उद्घाटन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। |
| 11.3 | वर्ष 2014 से 2024 तक बिहार राज्य में रेलवे से जुड़ी विभिन्न निर्माणाधीन एवं निर्मित परियोजना का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराया जाय। |
| 11.4 | 13225 दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस हाजीपुर तक प्रतिदिन विलंब से चलती है ससमय चलायी जाय। |
| 11.5 | दरभंगा स्टेशन पर होम्योपैथी चिकित्सा सेवा केन्द्र पुनः प्रारंभ किया जाय। विदित हो कि पूर्व में दरभंगा स्टेशन पर यह केन्द्र संचालित था। |
| 11.6 | लहेरियासराय स्टेशन से चट्टी गुमती (21 नम्बर) तक निर्माणाधीन सड़क के पूर्ण होने की लक्ष्य तिथि क्या है? |
| 11.7 | दरभंगा रेलवे स्टेशन समस्तीपुर मंगल अन्तर्गत सबसे अधिक राजस्व प्रदान करने वाली अतिमहत्वपूर्ण स्टेशन है और मिथिला के केन्द्र में अवस्थित है। दरभंगा से भाया सीतामढ़ी, अयोध्याधाम होते हुए नई दिल्ली एवं दरभंगा से कोलकाता तक वन्दे भारत स्लीपर ट्रेन अविलंब प्रारंभ किया जाय। |
| 11.8 | दरभंगा स्टेशन से मुम्बई, पुणे एवं अमृतसर के लिए अमृतभारत ट्रेन चलाया जाए। |
| 11.9 | लहेरियासराय से सहरसा नई रेल लाइन परियोजना का अविलंब कार्य प्रारंभ किया जाय\| |
| 11.10 | दरभंगा से मुजफ्फरपुर नई रेल लाइन परियोजना का यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाय। |
| 11.11 | दरभंगा से गुवाहाटी भाया- सरायगढ़, कटिहार नई सुपरफास्ट ट्रेन अविलंब चलाया जाय। |
| 11.12 | लहेरियासराय स्टेशन पर दो अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण करवाया जाय एवं जयनगर, लौकहा, रक्सौल, हरिनगर रेलखंड पर चलने वाली सभी पैसेंजर ट्रेन को लहेरियासराय स्टेशन से खोला जाय \| |
| 11.13 | दरभंगा से मुम्बई के लिए दैनिक सुपरस्टार ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जाय। |
| 11.14 | दरभंगा होकर चलने वाली सभी डेमू ट्रेनों को मेमू रैक में बदला जाय। |
| 11.15 | दरभंगा से राँची वन्देभारत ट्रेन का परिचालन किया जाय। |
| 11.16 | दरभंगा अन्तर्गत शीशो स्टेशन के पास रेलवे की पर्याप्त खाली भूमि है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए 10 प्लेटफार्म के साथ न्यू दरभंगा टर्मिनल स्टेशन बनाया जाय। |
| 11.17 | दरभंगा से कोटा एक नई ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जाया दरभंगा के अगल-बगल के कई जिलों के छात्र पढ़ाई करने कोटा जाते हैं और सीधी ट्रेन सेवा नहीं रहने के कारण इनकों काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। |

| | |
|---|---|
| 11.18 | समस्तीपुर मंडल अन्तर्गत रेलवे लाइन के किनारे अथवा रेलवे की खाली भूमि जो लो लैंड है उक्त भूमि का आकलन कर उसमें मखाना की खेती हेतु किसानों को आवंटित किया जाय और जिससे रेलवे को राजस्व की प्राप्ति होगी। |
| 11.19 | सकरी गुमती नंबर 39, बिजुली गुमती नंबर 32 एवं बलहा गुमती (एस.एच-56 बेनीपुर) में आरओबी का निर्माण अविलंब सुनिश्चित किया जाये| |
| 11.20 | सकरी-हसनपुर रेलखंड पर अवस्थित बैगनी में हॉल्ट स्टेशन को स्वीकृति प्रदान की जाय। |
| 11.21 | दरभंगा से रक्सौल भाया-सीतामढ़ी सुबह 10 बजे के बाद कोई सवारी गाड़ी नहीं है। यात्रियों को अत्यधिक कष्ट झेलना पड़ता है। अतः दरभंगा से रक्सौल के लिए दिन में ट्रेन बढ़ाई जाय। |
| 11.22 | दरभंगा से लौकहा के लिए ट्रेन परिचालन अविलंब प्रारंभ किया जाय। |
| 11.23 | दरभंगा से इंदौर सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध किया जाय। |
| 11.24 | सकरी हसनपुर रेलखंड पर बचे शेष कार्य को अविलंब पूर्ण किया जाय। |
| 11.25 | सकरी-हसनपुर रेल लाइन के विद्युतीकरण का कार्य यथाशीघ्र संपादित किया जाय। |
| 11.26 | न्यू दरभंगा स्टेशन पर मेगा कोचिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जाय। |
| 11.27 | लहेरियासराय स्टेशन जो प्रमंडल एवं जिला मुख्यालय के समीप अवस्थित है लेकिन प्रमुख ट्रेन का ठहराव नहीं होता है। अतः इस स्टेशन पर 12565/66, 12561/62, 12577/78, 12233/34, 12235/36,13135/36,13043/44 का ठहराव अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय। |
| 11.28 | दरभंगा से पटना के मध्य बंदे भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जाय। |
| 11.29 | गुवाहाटी-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन भाया-निर्मली, दरभंगा होते हुए किया जाय इससे समय एवं दूरी की भी बचत होगी। |
| 11.30 | जयनगर- आनंद विहार गरीब रथ एक्सप्रेस का परिचालन प्रतिदिन सुनिश्चित किया जाय। |
| 11.31 | 19165/66 अहमदाबाद दरभंगा साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन एवं 12577/78 दरभंगा-मैसूर बागमती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन प्रतिदिन किया जाय। |
| 11.32 | दरभंगा-एर्नाकुलम ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जाय। |
| 11.33 | दरभंगा- अजमेर ट्रेन बीच-बीच में दो बार बंद कर दिया गया है। अविलंब इस ट्रेन का नियमित परिचालन प्रारंभ किया जाय। |
| 11.34 | लहेरियासराय स्टेशन के पूर्वी भाग में रेलवे की खाली भूमि पर अतिथि गृह का निर्माण किया जाय। |
| 11.35 | सकरी-हसनपुर रेल लाइन परियोजना के पूर्ण होने की लक्ष्य तिथि क्या है? हरिनगर-कुशेश्वरस्थान के बीच जो (8 किलोमीटर लगभग) कार्य अपूर्ण है उसपर कार्य निष्पादन हेतु क्या कारवाई की जा रही है? |
| 11.36 | 12565/66 बिहार सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन नामकरण कवि कोकिल बाबा विद्यापति जी के नाम से करने हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाय। |
| 11.37 | लहेरियासराय स्टेशन पर निर्माणाधीन लो कॉस्ट ओवर ब्रिज के पूर्ण होने की लक्ष्य तिथि क्या है? बार-बार विलम्ब के कारण क्या है? |

| | |
|---|---|
| 11.38 | दरभंगा म्यूजियम गुमती (गुमती संख्या 26) पर एक वर्ष पूर्व ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया गया लेकिन अब तक कार्य भी प्रारंभ नहीं हुआ। परियोजना पूर्ण होने की लक्ष्य तिथि क्या है? |
| 11.39 | दरभंगा में रेल नीर संयंत्र स्थापना हेतु IRCTC को निर्देशित किया जाय \| |
| 11.40 | म्यूजियम गुमती (26 नम्बर) से दोनार गुमती (25) नम्बर) तक रेलवे लाइन के पूर्व लाइन किनारे PCC सड़क का निर्माण अनिवार्य रूप से कराया जाय। |
| 11.41 | दरभंगा रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाय\| |
| 11.42 | समपार संख्या 28 कंगवा गुमती से समपार संख्या 18 पंडासराय गुमती तक RCC ड्रेनेज परियोजना को लेकर बार-बार मेरे द्वारा स्मारित किया गया है। इस परियोजना पर सकारात्मक पहल रेलवे द्वारा किया जाय। |
| 11.43 | दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत सभी स्टेशनों पर बड़े राष्ट्रीय ध्वज अविलंब लगाया जाय। |
| 11.44 | दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत सभी स्टेशनों एवं हॉल्ट पर आवश्यक यात्री सुविधा हेतु स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त शौचालय, यात्रियों को बैठने हेतु पर्याप्त संख्या में कंक्रीट कुर्सी एवं रौशनी की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। |
| 11.45 | सकरी हसनपुर रेल पथ अन्तर्गत जगदीशपुर स्टेशन को क्रॉसिंग स्टेशन बनाया जाय। |
| 11.46 | सीतामढ़ी से खुलने वाली गाड़ी संख्या 14005 लिच्छवी एक्सप्रेस जो आनंद विहार टर्मिनल तक जाती है उसको विस्तारित कर दरभंगा स्टेशन किया जाय। |
| 11.47 | 15053/54 लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस ट्रेन को विस्तारित कर दरभंगा स्टेशन किया जाय। |
| 11.48 | 15001 मुजफ्फरपुर-देहरादून एक्सप्रेस को विस्तारित कर दरभंगा स्टेशन किया जाय। |
| 11.49 | लहेरियासराय स्टेशन के खाली भूमि पर रेलवे अस्पताल खोला जाय। |
| 11.50 | सप्तक्रांति एक्सप्रेस ट्रेन जो वर्तमान समय में मुजफ्फरपुर से आनंद विहार संचालित है को विस्तारित कर दरभंगा स्टेशन किया जाय। |
| 11.51 | पूर्व में संचालित दरभंगा से लौकहा बाजार के लिए प्रतिदिन सवारी गाड़ी संचालित थी। इससे मिथिला सहित पड़ोसी देश नेपाल के आमजनों को भी सहूलियत होती थी। दरभंगा से लौकहा बाजार वर्षों से ट्रेन बंद है। अविलंब पुनः चालू किया जाय। |
| 11.52 | मिथिला की हृदयस्थली दरभंगा स्थित अशोक पेपर मिल की भूमि पर रेलवे से संबंधित रेल चक्का फैक्ट्री या मेट्रो रेल परियोजना सम्बन्धी कारखाना खोला जाय\| |
| 11.53 | दरभंगा- काठमांडू नई रेल लाइन परियोजना जो प्रस्तावित है प्रारंभ हेतु आवश्यक कारवाई सुनिश्चित की जाय और अविलंब सकारात्मक पहल किया जाय\| |
| 11.54 | दरभंगा-रक्सौल- नरकटियागंज स्वीकृत रेल लाईन दोहरीकरण परियोजना का कार्य अविलंब प्रारंभ हो और इस दिशा में आवश्यक पहल सुनिश्चित किया जाय। |
| 11.55 | दरभंगा शहर में निर्माणाधीन सभी ROB की गुणवत्ता की जाँच रेलवे की ओर से की जाय। अबतक किन किन पदाधिकारी के द्वारा जाँच की गई है विस्तृत विवरण उपलब्ध की जाय। |
| 11.56 | पटना से प्रातः काल दरभंगा के लिये नई ट्रेन संचालित की जाय ताकि अन्य राज्य से आने वालेयात्रियों को सुबह में पटना से दरभंगा के लिये यात्रा आसान हो सके। |

| | |
|---|---|
| 11.57 | दरभंगा से कोलकाता और सियालदह जाने वाली सभी ट्रेनों में पेंट्रीकार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। |
| 11.58 | बिहार संपर्क क्रांति, स्वन्त्रता सेनानी एवं पवन एक्सप्रेस में कैटरिंग एवं साफ सफाई की व्यवस्था दयनीय है अविलंब इस विषय पर संज्ञान लिया जाय। |
| 11.59 | मुक्तापुर से कर्पूरी ग्राम तक लगभग 15 किलोमीटर तक नई रेल लाईन का निर्माण किया जाया\| |
| 11.60 | जनहित में प्रतिदिन चलने वाले दानापुर - जोगबनी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव समस्तीपुर रेल मंडल के लहेरियासराय स्टेशन एवं मनीगाछी, स्टेशन पर किया जाए। उक्त आवेदन के आलोक में की गई करवाई से मुझे भी अवगत कराया जाय। |
| 11.61 | मिथिला एवं उत्तर बिहार के केंद्र दरभंगा से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग रोजगार, इलाज, शिक्षा, तीर्थाटन सहित अन्य कार्य हेतु अमृतसर तक की यात्रा करते है एवं गुजरते समय के साथ यात्रियों की संख्या में काफी अधिक बढ़ोत्तरी हो रही है। यात्रियों की बढ़ती संख्या एवं हो रही असुविधा को देखते हुए अमृतसर के लिए नए ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जाना अतिआवश्यक हो गया है, जिसको लेकर समस्तीपुर रेल मंडल द्वारा दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को विभागीय पत्र पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर को प्रेषित किया गया है |
| 11.62 | गाड़ी संख्या 09465/09466 (दरभंगा- अहमदाबाद), 22563/22564 (जयनगर- उधना), 13165/13166 (सीतामढ़ी कोलकाता), 13043/13044 (रक्सौल- हावड़ा)<br><br>उक्त सभी ट्रेनों का ठहराव समस्तीपुर रेल मंडल अंतर्गत दरभंगा संसदीय क्षेत्र के लहेरियासराय रेलवे स्टेशन पर किए जाने से, दरभंगा शहर के लहेरियासराय सहित इसके आस-पास के सैकड़ों गांवों के लाखों की आबादी लाभान्वित होगी।<br><br>कई अतिमहत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव लहेरियासराय रेल्वे स्टेशन पर होता है, परंतु उपरोक्त वर्णित ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण हजारों यात्रियों को प्रतिदिन काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।<br><br>अतः उपरोक्त वर्णित बिंदुओं पर संज्ञान लेते हुए जनहित में समस्तीपुर रेल मंडल अंतर्गत दरभंगा रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाली उक्त ट्रेनों का ठहराव लहेरियासराय रेलवे स्टेशन पर किया जाए। उक्त आवेदन के आलोक में की गई करवाई से मुझे भी अवगत कराया जाय। |

| | |
|---|---|
| 11.63 | समस्तीपुर रेल मंडल अंतर्गत दरभंगा संसदीय क्षेत्र अवस्थित लहेरियासराय एक प्रमुख व अतिमहत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। ज्ञातव्य हो कि लहेरियासराय रेलवे स्टेशन के पास जिला एवं कमिश्नरी मुख्यालय के साथ- साथ जिला एवं सत्र न्यायालय सहित सभी सरकारी कार्यालय (जिला एवं क्षेत्रीय स्तर) अवस्थित है। विभिन्न सरकारी व निजी कार्यों से हजारों की आबादी प्रतिदिन इस रेलवे स्टेशन से आवागमन करती है।<br><br>लहेरियासराय रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिए जाने वाले ट्रेनों का विवरण (ट्रेन संख्या) निम्न प्रकार से है:-<br>(1) 15553/15554 (जयनगर भागलपुर)(2) 18105/18106 (जयनगर- राउरकेला)(3) 15551/15552 (दरभंगा वाराणसी सिटी)(4) 12545/12546 (रक्सौल लोकमान्यतिलक टर्मिनल)(5)12561/12562 (जयनगर नई दिल्ली) (65559/15560 (दरभंगा-अहमदाबाद)(7) 12577/12578 (दरभंगा- मैसूरु)<br>(8) 15235/15236 (दरभंगा हावड़ा) (9) 15233/15234 (दरभंगा कोलकाता) (10) 13135/13136 (जयनगर- कोलकाता)(11) 07051/07052 (रक्सौल हैदराबाद)(12) 17007/17008 (दरभंगा - सिकंदराबाद)(13) 17005/17006 (रक्सौल - हैदराबाद)(14) 02569/02570 (दरभंगा- नई दिल्ली) |
| 11.64 | दरभंगा, मिथिला एवं उत्तर बिहार का केंद्र व प्रमुख शहर है। ज्ञातव्य हो कि दरभंगा जिला एवं प्रमंडलीय मुख्यालय होने के साथ-साथ आईजी प्रक्षेत्र है। वर्तमान में यहां एम्स, आईटी पार्क, दो विश्वविद्यालय, दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज, दरभंगा एयरपोर्ट, एयरफोर्स स्टेशन, तारामंडल, पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर (पीटीसी), दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल (डीएमसीएच), सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, जिला एवं सत्र न्यायालय इत्यादि सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की कई महत्वपूर्ण संस्थान स्थापित एवं प्रस्तावित हैं।<br><br>विदित हो कि मिथिला एवं उत्तर बिहार के केंद्र दरभंगा से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग रोजगार, इलाज, शिक्षा, तीर्थाटन सहित अन्य कार्य हेतु मुख्य रूप से उक्त तीन महानगर यथा-नई दिल्ली, मुंबई और बैंगलुरु की यात्रा करते है एवं गुजरते समय के साथ यात्रियों की संख्या में काफी अधिक बढ़ोतरी हो रही है। यात्रियों की बढ़ती संख्या एवं हो रही असुविधा को देखतें हुए उक्त तीनों महानगर के लिए नए हाई स्पीड ट्रेन (शताब्दी/दुरंतो) का परिचालन प्रारंभ किया जाना अतिआवश्यक हो गया<br><br>ज्ञातव्य हो कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री, नव भारत के विश्वकर्मा आदरणीय श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी एवं आदरणीय आपके द्वारा महत्वाकांक्षी "अमृत भारत योजना" के तहत लगभग 340 करोड़ की लागत से दरभंगा रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने हेतु आधारशिला रखा जा चुका है। उक्त स्टेशन के पुनर्विकास के पश्चात निकट भविष्य में यहां यात्रियों की संख्या में और अधिक बढ़ोतरी होगी। |

| | |
|---|---|
| 11.65 | सकरी चीनी मिल गुमती से समपार संख्या 39 तक सड़क का निर्माण किया जाय। प्लेटफॉर्म संख्या 4 के दक्षिण सड़क निर्माण हो जाने से यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर आने के लिए सुविधा होगी।<br><br>सकरी रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के उत्तर, सकरी स्टेशन रोड से हनुमान मंदिर होते हुए समपार संख्या 39 तक नाला निर्माण कराया जाय।<br><br>ज्ञातव्य हो कि समस्तीपुर रेल मंडल अंतर्गत दरभंगा संसदीय क्षेत्र के सकरी रेलवे स्टेशन परः उक्त सभी कार्य हो जाने से, आसे-पास के सैकड़ों गांवों के लाखों की आबादी लाभान्वित होगी।<br><br>अतः उपरोक्त वर्णित बिंदुओं पर संज्ञान लेते हुए यथाशीघ्र उक्त सभी कार्य • किया जाए ताकि यात्रियों को सुगम व सुविधाजनक रेल सेवा का लाभ मिल सके। उक्त आवेदन के आलोक में की गई करवाई से मुझे भी अवगत कराएं। |
| 11.66 | अमृत भारत स्कीम के तहत किया जा रहा कार्य में और तेजी लाया जाए। |
| 11.67 | सकरी-हसनपुर रेल लाईन के विधुतीकरण का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। |
| 11.68 | रेलवे में हो रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर ध्यान रखा जाए। |
| 11.69 | दरभंगा- मुम्बई वाया पटना के लिए बंदे भारत ट्रेन चलाया जाए। |
| 11.70 | 13225 दानापुर इंटरसीटी एक्सप्रेस प्रतिदिन विलम्ब से चलती है। |
| 11.71 | दरभंगा से कोटा के लिए एक नई गाड़ी का परिचालन किया जाए। |
| 11.72 | सकरी -हसनपुर रेल खंड में बचे कार्यो को शीघ्र पूरा कराया जाए। |
| 11.73 | दरभंगा- नई दिल्ली वाया सीतामढी बन्दे भारत ट्रेन चलाया जाए। |
| 11.74 | वैगनी हाल्ट एवं जगदम्बा हाल्ट को शीघ्र चालू कराया जाए। |
| 11.75 | लहेरियासराय स्टेशन पर दो अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण आवश्यक है। |
| 11.76 | दरभंगा से मुजफ्फरपुर नई रेल लाईन परियोजना को शीघ्र पूरा किया जाए। |
| 11.77 | दरभंगा स्टेशन पर लगे फूड स्टॉल पर मखाना एवं उसके उत्पाद को भी बेचा जाये। |

## 12.0 श्री सुनील कुमार, माननीय सांसद (लोक सभा) वाल्मिकीनगर |

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 12.1 | पाटलिपुत्र-गोरखपुर के बीच (भाया-मुजफ्फरपुर-मोतिहारी-बेतिया-नरकटियागंज- बगहा) वंदे भारत हमसफर जैसी गाड़ी चलाना नितांत आवश्यक है। |
| 12.2 | रामनगर स्टेशन पर बोगी सूचक यंत्र लगाने की आवश्यकता है। |
| 12.3 | सिकटा स्टेशन पर बोगी सूचक यंत्र लगाने की आवश्यकता है। |
| 12.4 | गाड़ी 15273 व 15274 सत्याग्रह एक्सप्रेस में पेंट्रीकार न होने से यात्रियों को लोकल खान पान पर निर्भर होना पड़ता है जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इस गाड़ी में पेंट्रीकार जोड़ा जाय। |
| 12.5 | ट्रेन नंबर 04031और 04032 (गरीब रथ एक्सप्रेस) को सिकटा स्टेशन पर ठहराव करने की आवश्यकता है । |
| 12.6 | गोरखपुर से हाजीपुर के बीच पैसेन्जर गाड़ी चलाया जाये जो पूर्व में 2: am में गोरखपुर से खुलती थी । |
| 12.7 | बगहा स्टेशन रेलवे को अच्छा राजस्व देने वाला स्टेशन होने के साथ पुलिस जिला मुख्यालय है और बिहार उत्तर प्रदेश की अंतर्राज्यीय व भारत नेपालकी अंतर्राष्ट्रीय सीमा का प्रमुख स्टेशन है। बेतिया व नरकटियागंज की तर्ज पर बगहा को भी अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर इसका सौंदर्यकरण किया जाए। |
| 12.8 | आनंद बिहार से वाया अयोध्या होकर दरभंगा तक चलने वाली15557/15558 अप/डाउन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को प्रतिदिन या कम से कम सप्ताह में तीन दिन चलाने पर विचार करे ताकि पूर्वांचल चम्पारण व मिथिला क्षेत्र के लोग भगवान श्रीराम व माता जानकी की जन्मस्थली अयोध्या व सीतामढ़ी की सुविधापूर्वक यात्रा कर सकें। |
| 12.9 | रेल मार्ग बगहा, चौतरवा, बथवरिया, नवलपुर, बौध सर्किट को जोड़ते हुए केसरिया, हाजीपुर तक विस्तार करने की आवश्यकता है। |
| 12.10 | मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बगहा के कैलाश नगर में रेलवे की जमीन पर हजारों कटाव पीड़ित परिवार 50 सालों से बसे हैं। इन्हें स्थायी और आधिकारिक रूप से बासगीत पर्चा दिए जाने की जरूरत है ताकि इन गरीब लोगों को सरकार की योजनाओं यथा आवासएवंशौचालय आदि का लाभ मिल सके। ये सभी लोग कटाव पीड़ित विस्थापित गरीब व भूमिहीन हैं। मेरी माँग होगी कि या तो रेलवे अपनी जमीन पर इन्हें स्वामित्व का अधिकार दे या राज्य सरकार से समन्वय स्थापित कर इन्हें बिहार सरकार से भूमि उपलब्ध कराये। यहाँ के अलावे इनके पास कहीं भी अपनी जमीन नहीं है। स्थायी आवासीय प्रमाण पत्र या एलपीसी नहीं बन पाने के कारण इन्हें सरकारी आवास और शौचालय आदि का लाभ नहीं मिल पाता है। |
| 12.11 | नरकटियागंज में वाशिंग पिट नहीं होने से गाड़ियों की सही से सफाई नहीं हो पाती है। इसकी स्वीकृति दी जानी चाहिए। |
| 12.12 | गोरखपुर से वाया नरकटियागंज-मुज़फ्फरपुर होकर पटना तक वन्दे भारत, राजधानी शताब्दी दुरंतो जैसी तेज गति की एक्सप्रेस ट्रेन चलाये जाने की आवश्यकता है ताकि विद्यार्थियों रोगियों और व्यवसायियों को राजधानी आने जाने में सुविधा हो। |
| 12.13 | बगहा भैरोगंज हरिनगर, नरकटियागंज और सिकटा स्टेशन पर पर्याप्त प्रकाश प्लेटफार्म पेयजल और शौचालय की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिए। |

| | |
|---|---|
| 12.14 | छितौनी तमकुही रेल लाइन के निर्माण में तेजी लायी जाय। |
| 12.15 | वर्ष 2016 से पूर्व गोरखपुर से वाया नरकटियागंज होकर मुजफ्फरपुर तक कई गाड़ियाँ चलती थीं लेकिन कुछ गाड़ियों को 2017 में और कुछ को कोविड काल में बंद कर दिया गया। उन गाड़ियों को पूर्ववत चलाया जाय। दिनांक 18/11/18 को रद्द किये गए 55042 / 55079 गोरखपुर-बेतिया-गोरखपुर व 55073/55072 गोरखपुर-नरकटियागंज-गोरखपुर को फिर से शुरू किया जाय। साथ ही गाड़ी संख्या 72257 / 75260 नरकटियागंज-मुज़फ्फरपुर-नरकटियागंज को पुनः गोरखपुर से सुबह और शाम में सीधी डेमू ट्रेन चलवाई जानी चाहिए। |
| 12.16 | 15705/15706 हमसफ़र एक्सप्रेस का ठहराव बगहा में होना चाहिए। |
| 12.17 | गौनाहा से बखरी बाजार-सेमरा-हरनाटांड-बगहा-लौरिया-बेतिया नए रेलमार्गका प्रस्ताव विभाग को भेजा जाना चाहिए। |
| 12.18 | गाड़ी संख्या 15273/15274 सत्याग्रह एक्सप्रेस को रक्सौल से आनंदविहार तकमात्र 957 किमी की दूरी तय करने में 24 घण्टे से भी अधिक लगता है।सत्याग्रह एक्सप्रेस कि यात्रा अवधि को कम किया जाय और कोच मेंटेनेंस की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाय। समय अंतराल अधिक होने के कारण रक्सौल जं. और आनंद विहार टर्मिनल के बीच के स्टेशनों पर अक्सर यह गाड़ी निर्धारित समय से पहले पहुंच जाती है और वहाँ देर तक रुकने के बाद फिर अपने निर्धारित समय पर खुलती है। इससे यात्रा में अनावश्यक देरी होती है और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। हाई स्पीड के इस दौर में केवल 957 किमी की दूरी के लिए 24 घण्टे से अधिक का समय लगना अप्रत्याशित भी है और अनावश्यक भी। इस विंदु को संज्ञान में लेकर समय सारणी में यथोचित संशोधन कर ट्रेन की यात्रा अवधि को कम किया जाय। |
| 12.19 | सप्तक्रांति सुपरफ़ास्ट और सत्याग्रह एक्सप्रेस के 3A कोच और टॉयलेट के मेंटेनेंस की ओर ध्यान आकृष्ट करने का आग्रह है। नरकटियागंज रूट की यह दोनों महत्वपूर्ण गाड़ी है जिससे चम्पारण और पूर्वांचल के यात्री अधिक संख्या में यात्रा करते हैं। इन दोनों गाड़ियों के थर्ड एसी में बोगियों और टॉयलेट्स की साफ सफाई की बहुत बुरी हालत है। कई यात्रियों ने शिकायत की है कि सप्तक्रांति ट्रेन में भी टॉयलेट में पानी की सप्लाई बंद हो जाती है। |
| 12.20 | बगहा रेलवे ओवर ब्रिज बनने के बाद भी व्यवसायी बंधुओं का रोजगार बाधित न हो,इसके लिए गोरखपुर की तर्ज पर रेलवे गुमटी को चालू रखा जाय या फिर पैदल ऊपरीगामी पथ के लिए दोनों तरफ सीढ़ी निर्माण किया जाना चाहिए। |
| 12.21 | वाया अयोध्या दिल्ली से दरभंगा तक चलने वाली गाड़ी संख्या 15557 और 15558 अप डाउन अमृत भारत ट्रेन को प्रतिदिन करने की हमारी माँग होगी।इससे अयोध्या, सीतामढ़ी और दिल्ली जाने वाले मिथिला व चम्पारण के लोगों को सहूलियत होगी। |
| 12.22 | मर्जदवा स्टेशन से मार्केट जाने के लिए अंडर पास का निर्माण किया जाए। |
| 12.23 | मर्जदवा स्टेशन से मार्केट जाने वाले रास्ते में रेलवे के जमीन पर जर्जर PCC का पुनः निर्माण कार्य । |
| 12.24 | साठी स्टेशन से मार्केट जाने वाले रास्ते में रेलवे के जमीन पर जर्जर PCC का पुनः निर्माण कार्य। |
| 12.25 | नरकटियागंज गौनाहा रेल सेक्सन में पड़ने वाले सभी समपार फाटक पर रेल कर्मी ना होने के कारण जब ट्रेन आती या जाती है तो ट्रेन को रोक कर फाटक को बंद तथा खोला जाता है, फिर ट्रेन चलती है ऐसे समपार फाटक पर रेल कर्मी का ड्यूटी लगाना अति आवश्यक है। |

| | |
|---|---|
| 12.26 | नरकटियागंज गौनाहा रेल सेक्सन में ही भितिहरवा स्टेशन आता है जहाँ गाँधी आश्रम है तथा ये सेक्सन पहाड़ी एव नेपाल के तराही क्षेत्र से जुड़ा है इसलिए पूर्व की तरह पर्यटन के दृष्टीकोण से इस सेक्सन को भिखना ठोरी तक विस्तार किया जाए साथ ही सुबह 6 बजे से रात्री 8 बजे के बीच 3 जोड़ी ट्रेन चलाई जाए। |
| 12.27 | हरिनगर-भरोगंज रेलवे स्टेशन के मध्य रेल पुल स०-329 के सम्नांतर हरहा नदी के दक्षिण दिशा में अवस्थित बाजार भरोगंज एव बगहा-हरिनगर सड़क मार्ग के भरी यातायात को सुगम करने हेतु वर्षों से लंबित सडक पुल अथवा रेल ओवेरब्रिज का निर्माण अति आवश्यक है। |
| 12.28 | गोरखपुर भाया बगहा, नरकटियागंज, मोतिहारी तथा मुजफ्फरपुर के मध्य कोरोना पूर्व 6 जोड़ी पैसेंजर ट्रेन चलती थी जिसमे 1 गाड़ी गोरखपुर से पाटलिपुत्रा भी जाती थी, इन सभी गाडी को पर्व की तरह संचालित किया जाए । |
| 12.29 | नरकटियागंज भाया सिकटा, रक्सौल तथा सीतामढ़ी तक कोरोना पूर्व जोड़ी पैसेंजर ट्रेन चलती थी इन सभी गाड़ी को धार्मिक दृष्टीकोण से पूर्व की तरह संचालित किया जाए। |
| 12.30 | गाड़ी नंबर 05096 सुबह 11:30 बजे नरकटियागंज पहुंचती है और अपराह्न 15:15 पर वापस होती है। इस बीच करीब 04 घंटे यह गाड़ी नरकटियागंज खडी रहती है जिसे वाया सिकटा रकसौल तक बढ़ाया जा सकता है जिससे इस क्षेत्र के यात्रियों को लाभ होगा। |
| 12.31 | जननायक एक्सप्रेस का ठहराव बाल्मिकीनगर स्टेशन पर भी किया जाय ताकि बाल्मिकीनगर की तरफ जाने वाले यात्रियों को सुविधा हो सके। |
| 12.32 | नरकटियागंज-गोरखपुर-नरकटियागंज गाड़ी संख्या 55096,55098,55048 गोरखपुर छावनी तक ही जाती है या वहीं से खुलती है जिससे गोरखपुर आने- जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी होती है। वृद्ध, बीमार, महिला और व्यवसायी सबको गोरखपुर जाने में अनावश्यक टैक्सी भाड़ा देना होता है और परेशानी होती हैं सो अलग। इन गाड़ियों को गोरखपुर से चलाई जाय। अगर गोरखपुर जंक्शन पर प्लेटफॉर्म खाली न रहने की समस्या है तो उसे छावनी से न चलाकर गोरखपुर जंक्शन से आगे नकहा जंगल से चलाई जाए। इससे गोरखपुर जंक्शन और छावनी दोनों जगह उत्तरने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। |
| 12.33 | बगहा, खरपोखरा, भैरोगंज और हरिनगर के यात्रियों को सुबह नरकटियागंज या जिला मुख्यालय बेतिया जाने के लिए सुबह में एक डेमू ट्रेन या सवारी गाड़ी उपलब्ध कराई जाय ताकि लोग अपने इलाज, व्यवसाय, कचहरी, जिला कार्यालय, कालेज आदि के काम से सुबह में सुविधा से जा सके और वापसी के लिए भी शाम में एक सवारी गाड़ी या डेमू ट्रेन बेतिया से बगहा तक की होनी चाहिए। |

| | |
|---|---|
| 12.34 | नरकटियागंज-गोरखपुर रेलमार्ग पर खरपोखरा व बगहा के बीच बरवल के पास तिरहुत नहर पर दोहरीकरण के क्रम में पुल संख्या 349, 350 और 351 को 2017 में ही तोड़ दिया गया। बाद में पुल संख्या 349 और 351 का निर्माण तो कराया जा रहा लेकिन पुल संख्या 350 को नहीं बनाया जा रहा जिससे स्थानीय जनता काफी आक्रोशित हैं। मीडिया में भी यह खबर जोर पकड़ रही। स्थानीय ग्रामीण और किसानों का कहना है कि इस पुल से उनकी फ़सल सिंचित होती थी जो अब पुल नहीं बनने से नहीं होगी। इससे किसानों को काफी आर्थिक हानि होगी और हमेशा के लिए उनके सामने सिंचाई सुविधा का संकट खड़ा हो जायेगा। किसानों की समस्या को देखते हुए मेरी पुरजोर माँग होगी कि पुल संख्या 349 और 351 के साथ ही पूर्व के पुल संख्या 350 के स्थान पर भी नया पुल निर्माण कराया जाय ताकि किसानों को निर्बाध रूप से सिंचाई सुविधा प्राप्त होती रहे। |
| 12.35 | साठी - चनपटिया स्टेशन के मध्य ग्राम बारी टोला लानौता के समीप समपार फाटक का निर्माण करना अति आवश्यक है क्योकि इस क्षेत्र के ग्रामीण को बाज़ार तथा छात्र को स्कूल हेतू चनपटिया या साठी आने के लिए 10 केएम घूम के आना पड़ता है। |
| 12.36 | नरकटियागंज- गौनहा सेक्सन में बने समपार फाटको पर रेलकर्मी तैनात नहीं रहते है जिसके कारण रेल परिचालन में बाधा उत्पन्न होती है एवं घटना की संभावना बनी रहती है। अतः उक्त फाटको पर रेल कर्मी को तैनात किया जाए। |
| 12.37 | गोरखपुर से वाया नरकटियागंज होकर मुजफ्फरपुर तक कई गाड़ियॉ चलती जो कोविड काल के समय बन्द कर दिया गया है, जिसे पुनः बहाल कराया जाए। |
| 12.38 | बगहा-खरपोखरा खंड में एक जोड़ी डेमू गाड़ी चलाया जाए। |
| 12.39 | गोरखपुर-पाटलीपुत्र के लिए एक अच्छी एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए। |
| 12.40 | सप्तक्रांति गाड़ी का टॉयलेट काफी गंदा रहता है। जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। |
| 12.41 | साठी-चनपटिया सेक्शन के बीच समपार फाटको का निर्माण आवश्यक है। |
| 12.42 | भैरोगंज रेलवे स्टेशन के पूर्व दिशा में हरहा नदी पर अवस्थित पुल सं0-329 के समानांतर सड़क पुल या रोड ओवर ब्रीज का निर्माण कराया जाए। |

## 13.0 श्री राधा मोहन, माननीय सांसद (लोक सभा) पूर्वी चंपारण |

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 13.0 | बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पुनर्विकास का कार्य हो रहा है FOB, रेल फाटक संख्या 161 पर Light ROB, तथा Air Concourse का Drawing निर्माण एजेंसी द्वारा प्रस्तुत किया गया है, लेकिन निर्माण कार्य प्रारंभ होने में क्या परेशानी है। |
| 13.2 | जीवधारा-बापूधाम मोतिहारी के बीच बंगरी हाल्ट के पास फाटक संख्या 151 के बगल में Light ROB बनने की बात थी, Drawing Chief Bridge Engineer Hajipur के पास Approval के लिए गया था, अभी तक Approval नहीं मिला है शायद इसे पेंडिंग में डालने की मंशा है। |
| 13.3 | जीवधारा-बापूधाम मोतिहारी के बीच रेल फाटक संख्या 156 (चंद्रहिया) पर ROB बनने की बात थी एवं मुझे बताया गया था कि RITES द्वारा DPR तैयार भी किया जा रहा है, लेकिन योजना की अद्यतन स्थिति का पता नहीं चल पा रहा है उप-मुख्य अभियंता ROB के पास निर्माण संबंधी कोई प्रस्ताव नहीं है आखिर योजना का क्या हुआ। |
| 13.4 | चकिया में रेल फाटक संख्या 137 पर ROB का निर्माण होना है इसकी वर्तमान सही वस्तु स्थिति क्या है। राज्य या रेल मंत्रालय के स्तर पर लंबित है। |

## 14.0 प्रोफेसर मनोज कुमार झा, माननीय सांसद (राज्य सभा) |

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 14.1 | गाड़ी संख्या 12149/12150 पुणे दानापुर एक्सप्रेस का सहरसा तक विस्तारीकरण का फिजिबिलिटी अध्ययन हो चूका है, इसका विस्तार संभव है\| अतः इसके विस्तार का प्रस्ताव रेलवे शीघ्र रेलवे बोर्ड को भेजा जाय\| पुणे के लिए सर्वाधिक बुकिंग इसी क्षेत्र से होती है और राजस्व दानापुर स्टेशन के खाते से जोड़ा जाता है |
| 14.2 | गाड़ी संख्या 22351/52 पाटलिपुत्र बंगलुरु एक्सप्रेस का सहरसा तक एक्सटेंशन का प्रस्ताव 07 फरवरी 2023 से रेलवे बोर्ड में लंबित है\| अनुरोध है कि अपने स्तर से पुनः पहल की जाय |
| 14.3 | पटना से सहरसा के लिए रात्रिकालीन ट्रेन चलाई जाए 12 जून 2005 को बड़ी रेल लाइन से जुड़ने के 19 साल बाद भी यह जनउपयोगी मांग लंबित है |
| 14.4 | प्रस्तावित सहरसा - भागलपुर नई इंटरसिटी एक्सप्रेस चलाई जाए |
| 14.5 | कोटा - पटना एक्सपेस का एक्सटेंशन सहरसा तक किया जाए |
| 14.6 | सुपौल और मधेपुरा से सीधी ट्रेन पटना एवं नई दिल्ली के लिए चलाई जाय |
| 14.7 | सिमरी बख्तियारपुर बिहारीगंज नई रेल लाइन का कराते हुए कार्य शुरू कराया जाए\| |
| 14.8 | सहरसा - लहेरियासराय नई रेल लाइन का कार्य शुरू कराया जाए |
| 14.9 | सहरसा स्टेशन के मुख्य द्वार के समीप पटना की तर्ज पर पुराने रेल इंजन को स्थापित किया जाय ताकि आनेवाली पीढ़ी अपने धरोहर को याद रख सके\| बिहार के पुराने चीनी मिलों के पास पुरानी रेल इंजन बेकार पड़ी है |
| 14.10 | सहरसा स्टेशन पर वातानुकूलित प्रतीक्षालय क्लॉक रूम एक्सक्लेटर एवं बचे हुए प्लेटफार्म पर आवाजाही के लिए लिफ्ट की सुविधा बहाल की जाय |
| 14.11 | सहरसा शहर के बंगाली बाजार रेल समपार फाटक के अतिरिक्त शिवपुरी ढाला हटियागाछी ढाला एवं कचहरी वाला पर ट्राफिक लोड व फिजिविलिटी अध्ययन उपरांत आरओबी निर्माण कराया जाय\| |
| 14.12 | अगस्त 1942 को सहरसा के क्रांतिकारी शहीद की याद में एक स्मारक का निर्माण स्टेशन मुख्य परिसर में किया जाय |
| 14.13 | सहरसा जं. मुख्य निकास जो चांदिनी चौक की ओर है उसका चौड़ीकरण का निकास को सुगम बनाया जाय |
| 14.14 | सहरसा - मानसी रेल खंड का दोहरीकरण जनहित में आवश्यक है, ताकि ट्रेनों का परिचालन निर्बाध हो सके |
| | |
| 14.15 | पूर्व में जो 04 वर्षो से अधूरा सभी कार्यो को पूरा किया जाए। |
| 14.16 | समस्तीपुर स्टेशन पर जननायक कर्पूरी ठाकुरी जी की प्रतीमा लगाया जाए। |
| 14.17 | सभी गाड़ियों के एसी क्लास में अमूमन शिकायते आती है कि कोच एवं उसका शौचालय काफी गंदा रहा है जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। |

| | |
|---|---|
| 14.18 | सहरसा से काठगोदाम वाया वाराणसी, अयोध्या होते हुए एक गाड़ी चलाया जाए। |
| 14.19 | सरहसा स्टेशन के मुख्य परिसर में शहीदो का स्मारक लगाया जाए। |
| 14.20 | सहरसा से भागलपुर एक इन्टरसीटी एक्सप्रेस गाड़ी चलाया जाए। |
| 14.21 | कोटा-पटना एक्सप्रेस का विस्तार सहरसा तक कराया जाए। |
| 14.22 | पटना के तर्ज पर पुराने रेल इंजन को सहरसा स्टेशन के द्वार पर स्थापित कराया जाए। |

## 15.0 श्री सतीश चन्द्र दुबे, राज्य मंत्री (कोयला एवं खान), भारत सरकार

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 15.1 | गाड़ीयों के मेंटनेन्स के लिए नरकटियागंज जंक्शन पर वाशिंग पिट का निर्माण कार्य जिसका शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किया गया। शिलान्यास हुए लगभग 1 वर्ष होने के बाद भी अभी तक इसके निर्माण से संबंधित कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है जिससे वाशिंग पिट निर्माण का उद्देश्य अधुरा प्रतित होता है। अतः वाशिंग पिट का निर्माण कार्य अतिशिघ्र प्रारंभ कराया जाय। |
| 15.2 | नरकटियगांज से जयनगर भाया सीकटा-रक्सौल-सितामढ़ी-दरभंगा छोटी लाईन के समय कमला गंडक एक्सप्रेस, जानकी लीक एक्सप्रेस व सात जोड़ी सवारी गाड़ी का परिचालन होता था। गाड़ी संख्या-270/271, 272/273, 276/277, 278/279, 280/281 और 282/283 आमान परिवर्तन हो चुका है अतः इन ट्रेनों का पुनः परिचालन सुनिश्चित कराया जाय ताकि नरकटियागंज से नेपाल में स्थित जनकपुर धाम तक आवागमन सुगम हो सके जो सामरिक रूप से अति महत्वपूर्ण है। |
| 15.3 | पूर्व में नरकटियागंज से भिखनाठोरी तक गाड़ी चलती थी लेकिन अमान परिवर्तन के समय नरकटियागंज से गौनाहा तक ही निर्माण हो सका है। गौनाहा से भिखनाठोड़ी तक निर्माण नहीं हो सका है। अतः वन विभाग से वार्ता करके एवं स्वीकृति लेकर नरकटियागंज से भिखनाठोड़ी तक गाड़ी का परिचालन कराया जाय ताकी इन्डो नेपाल बॉर्डर तक रेलवे का कनेक्टिविटी हो सके जो सामरिक रूप से बहुत हीं महत्वपूर्ण है। |
| 15.4 | पूर्व में नरकटियागंज रेलवे क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण हेतु निरिक्षण हुआ था लेकिन निरिक्षण के बाद अभी तक विद्यालय निर्माण से संबंधित किसी भी प्रकार की उचित कार्यवाई नहीं हो पाई है। अतः यथाशिघ्र इसका निर्माण कराया जाय ताकी नरकटियागंज रेलवे परिक्षेत्र जो वाल्मीकीनगर से चनपटिया और रक्सौल तक आता है एवं यहां स्थित एस०एस०बी० भी कैम्प के सभी केन्द्रीय कर्मचारियों के बच्चों को समुचित शिक्षा की उत्तम व्यवस्था हो सके जिसकी यहां कमी है। |
| 15.5 | नरकटियागंज से सिकटा होते हुए पटना के लिए इंटरसिटी का परिचालन किया जाय जो जनहीत में अति आवश्यक है। गाड़ी संख्या 15515/16 जो सुगौली में खड़ी रहती है को भाया रक्सौल, सिकटा एवं नरकटियागंज तक चलाकर इस क्षेत्र का भी पटना से कनेक्टिविटी प्रदान किया जा सकाता है। 6. मुजफ्फरपुर से नरकटियागंज के लिए 15:00 बजे से सुबह के 07:00 बजे तक कोई पैसेंजर गाड़ी नहीं है। अतः 18:00 बजे के बाद एक जोड़ी पैसेंजर गाड़ी चलाई जाय ताकी 18:00 बजे के बाद भी आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके। |
| 15.6 | मुजफ्फरपुर से नरकटियागंज के लिए 15:00 बजे से सुबह के 07:00 बजे तक कोई पैसेंजर गाड़ी नहीं है। अतः 18:00 बजे के बाद एक जोड़ी पैसेंजर गाड़ी चलाई जाए ताकी 18:00 बजे के बाद भी आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके। |

| | |
|---|---|
| 15.7 | साठि-चनपटिया के मध्य किलोमिटर 229/2-3 में नया समपार चालु किया जाय। क्योंकि ट्रेक के दोनो तरफ घनी आबादी है और वहाँ से लगभग 12 पंचायतों का आवागमन होता है जिससे वहां आयेदिन दुर्घटना कि अशांका बनी रहती है। |
| 15.8 | साठी स्टेशन के पहुँच पथ का निर्माण कराया जाय जो जनहीत में अतिआवश्यक है। |
| 15.9 | नरकटियागंज से गौनाहा के मध्य गाड़ी संख्या 63362/63361 एक जोड़ी गाड़ी का परिचालन लगभग एक वर्षों से अधिक समय से हो रहा है, जबकी शाम में इस रूट का कोई गाड़ी नहीं है। अतः नरकटियागंज से गौनाहा के लिए शाम में भी एक गाड़ी चलाया जाय ताकी क्षेत्र के लोगो को शाम तक घर पहुँचने की सुविधा उपलब्ध हो सके। गाड़ी संख्या-63341 नरकटियागंज में रात भर खड़ी रहती जिसे चलवाया जा सकता है। |
| 15.10 | गरीब रथ गाड़ी संख्या 04032/04031 जो आनंद बिहार से सहरसा एवं सहरसा से आनंद बिहार सप्ताह में 5 दिन चलती का ठहराव इण्डो-नेपाल बोर्डर से लगभग 1 किमी० से भी कम दूरी पर स्थित सिकटा स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाय जो सामरिक दृष्टी से अति आवश्यक है। |
| 15.11 | कुंभ स्पेशल ट्रेन जो दरभंगा से प्रयागराज चल रही है का ठहराव सिकटा स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाये। धार्मिक एवं सामरिक दृष्टी से अति आवश्यक है। |
| 15.12 | सिंकटा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-01 एवं 02 पर लगी लाईट काफी दिनों से नहीं जल रही है, इसकी व्यवस्था कराई जाये। |
| 15.13 | सिकटा स्टेशन पर शुलभ शौचालय, चापाकल एवं पेयजल आदि का व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाय जो जनहीत में अति आवश्यक है। |
| 15.14 | मुजफ्फरपुर भाया सुगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा होते हुए कप्तानगंज के रास्ते गोरखपुर तक रेल लाईन दोहरिकरण कार्य जो अत्यंत धीमा गति से हो रही है को गती दिया जाय ताकी दोहरीकरण का कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण हो सके। |
| 15.15 | भैरोगंज रेलवे स्टेशन पर आरक्षण टीकट काउन्टर की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। |
| 15.16 | ट्रेन संख्या-15655/15656 कामख्या-कटरा एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या-22551/22552 अंत्योदय एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या-03219/03220 पाटलीपुत्र अयोध्या एक्सप्रेस एवं ट्रेन संख्या-09451/09452 गाँधीधाम एक्सप्रेस का ठहराव गोरखपुर स्टेशन के मध्य बगहा स्टेशन पर अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यहां बगहा अनुमंडल, बगहा जिला पुलिस एवं वाल्मीकी व्याघ्र परियोजना का मुख्यालय है तथा एस०एस०बी० का हेड क्वार्टर भी है। |
| 15.17 | सत्याग्रह एक्सप्रेस में पेन्टीकार की सुविधा दी जाय इस ट्रेन में सालो भर बहुत ही ज्यादा भीड़ रहाता है। |
| 15.18 | गाडी संख्या-15028 मौर्य एक्सप्रेस जो वर्तमान में गोरखपुर से छपरा-सिवान-मुजफ्फरपुर होते हुए हटिया तक जाती है को सप्ताह में कम से कम तीन दिन नरकटियागंज-सुगौली-मोतिहारी-मुजफ्फरपुर होते हुए चलाया जाय। |
| 15.19 | गोरखपुर भाया नरकटियागंज भाया मुजफ्फरपुर के बीच किसी भी स्टेशन पर मेडिकल स्टोर नहीं है अतः नरकटियागंज स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय जो जनहित में अति आवश्यक है। |

| | |
|---|---|
| 15.20 | गाड़ी संख्या-14010/14009 जो वर्तमान में बापुधाम मोतिहारी से आनंद बिहार सप्ताह में तीन दिन परिचालित हो रही है को दैनिक रूप से परिचालित कराया जाय। |
| 15.21 | नरकटियागंज में वाशिंग पीट का निर्माण कराया जाए। |
| 15.22 | नरकटियागंज से सिकटा हेतु हुए पटना के लिए इंटरसीटी एक्सप्रेस ट्रेन चलाया जाए\| |
| 15.23 | मुजफ्फरपुर से नरकटियगंज के लिए 15.00 बजे से सुबह के 07.00 बजे तक कोई पैसेन्जर ट्रेन नहीं है। अतः 18.00 बजे के बाद एक जोड़ी पैसेन्जर ट्रेन चलायी जाए। |
| 15.24 | सिकटा स्टेशन पर सुलभ शौचालय, चापाकल एवं पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। |

## 16.0 श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, माननीय सांसद (लोक सभा), सीतामढ़ी |

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 16.1 | लगातार यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुगौली-दानापुर ट्रेन (15515-15516) में 3 एसी कोच सहित कोच की संख्या बढ़ाया जाए। |
| 16.2 | ट्रेन संख्या 15507 के खुलने के समय में सुधार कर ट्रेन का समय एक घण्टा आगे बढ़ाया जाय। ट्रेन दरभंगा से सुबह 3 बजे के बदले सुबह 4 बजे खुले और उसी प्रकार सितामढ़ी में सुबह 4:25 के बदले सुबह 5:25 बजे खुले। साथ ही स्टेशनों के मध्य लग रहे अधिक मार्जिन समय को भी कम किया जाए ताकि ट्रेन गंतव्य स्टेशन पाटलिपुत्र पूर्व निर्धारित समय पर पहुंचे। |
| 16.3 | सीतामढ़ी से रक्सौल के लिए खुलने वाली ट्रेन संख्या 05525 और रक्सौल से चलकर सीतामढ़ी आने वाली ट्रेन संख्या 05526 लगभग 1:30 से 2:30 घण्टे अपने नियत समय से लेट रहती है। ट्रेन में बड़ी संख्या में कामगार स्त्री, पुरुष सफर करते हैं, जिसमें अस्पताल, स्कूल, बिजली आदि सरकारी विभागों के अलावा निजी कार्यालय में काम करने वाले यात्री भी होते हैं, लेकिन ट्रेनों के लेट होने के कारण यात्रियों को आर्थिक नुकसान के अलावा मानसिक परेशानी भी होती है। ट्रेन समय पर चले \| |
| 16.4 | 15215 / 15216 मुजफ्फरपुर नरकटियागंज को भी सीतामढ़ी तक विस्तारित किया जाना चाहिए। ट्रेन संख्या 15216 संध्या 05:50 में मुजफ्फरपुर पहुंच जाती है और फिर दूसरे दिन ट्रेन संख्या 15215 सुबह 07:35 में मुजफ्फरपुर से खुलती है। वर्तमान समय प्रबंधन में आसानी से इसका विस्तार सीतामढ़ी तक किया जा सकता है। |
| 16.5 | मुजफ्फरपुर में खड़ी सप्तक्रान्ति एक्सप्रेस, मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा एक्सप्रेस (13419-20) आदि ट्रेनों का विस्तार सीतामढ़ी तक हो ताकि रेलवे का राजस्व बढ़े और यात्रियों को सुविधा भी। |
| 16.6 | बिहार संपर्क क्रान्ति एवं पवन एक्सप्रेस का दरभंगा में सीतामढ़ी तक विस्तार किया जाए। |
| 16.7 | 24 वर्षों से बंद सीतामढ़ी से जयनगर रेल मार्ग तुरन्त चालू हो। पिछले 24 वर्षों में जयनगर से सीतामढ़ी को अलग कर दिया गया। जबकि सीतामढ़ी से जयनगर एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसके यात्री हजारो की संख्या में है\| |
| 16.8 | लिच्छिवी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 14005) सितामढ़ी से रात्रि 2:30 बजे के बजाए रात्रि 10 बजे खुले। साथ ही लिच्छिवी ट्रेन के सफर की भी समीक्षा करें तो सफर में 07 घण्टे यात्रियों के ज्यादा देने पड़ रहे हैं। सीतामढ़ी से बाराणसी 448 कि०मी० का सफर तय करने में ट्रेन 12 घण्टे ले रही है, वहीं वाराणसी से आनन्द विहार 745 कि०मी० 13 घण्टा 25 मिनट में कर रही है। यानी वाराणसी से आनन्द विहार जाने के क्रम में 297 कि०मी० का सफर मात्र 01 घण्टे 25 मिनट में तय हो रहा है। रेलवे ट्रेन द्वारा लिए जा रहे सफर पर अविलम्ब समीक्षा कर यात्रियों के कीमती समय को बर्बाद होने से बचाए। |
| 16.9 | अमृत भारत, दरभंगा से दिल्ली भाया सीतामढ़ी प्रतिदिन चलाई जाए। |
| 16.10 | दरभंगा-अहमदाबाद भाया सीतामढ़ी, अजमेर, जयपुर ट्रेन, जो कि कुछ दिनों के लिए स्पेशल ट्रेन के रूप में संचालित की गई थी, उसे यात्रियों की लगातार मांग पर सप्ताह में तीन दिन हमेशा के लिए चलाई जाए। |

| | |
|---|---|
| 16.11 | गरीब रथ सहरसा नई दिल्ली भाया सीतामढ़ी (05577-05578) को नियमित रूप से चलाई जाए। |
| 16.12 | दिल्ली, हावड़ा व अयोध्या हेतु सुपर फास्ट ट्रेन चलाई जाए। |
| 16.13 | सीतामढ़ी मुजफ्फरपुर में वाई लेग का निर्माण हो ताकि इंजन घुमाने की प्रक्रिया खत्म हो जाए, जिससे यात्रियों के समय की बचत रेलवे को राजस्व का नुकसान नहीं होगा। |
| 16.14 | रेलवे ओवर ब्रिज का काम अगले तीन महीना में पूरा हो। |
| 16.15 | सीतामढ़ी से मुजफ्फरपुर, दरभंगा व नरकटियागंज रेलखण्ड का दोहरीकरण तुरन्त किया जाए\| |
| 16.16 | सीतामढ़ी जंक्शन में ऑटोमैटिक वाशिंग प्लान्ट का निर्माण हो। |
| 16.17 | सीतामढ़ी स्टेशन पर ट्रैक तीन व चार पर क्विक ट्रेन वाटरिंग की सुविधा अविलम्व बहाल हो। यह योजना डेढ़ वर्ष पहले से स्वीकृत है, परन्तु छोटा सा कार्य अभी तक लम्बित है। |
| 16.18 | नरकटियागंज रेल मार्ग पूरी तरह चालू हो। |
| 16.19 | महिला, दिव्यांग व बुजुर्ग के लिए अलग टिकट काउंटर की व्यवस्था। |
| 16.20 | सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन पर जमीन से 100 फिट ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाय। |
| 16.21 | रून्नी सैदपुर में स्टेशन पर प्लेटफार्म का अविलम्ब निर्माण हो ताकि यात्रियों को ट्रेन पर चढ़ने और उतरने में आसानी हो\| |
| | |
| 16.22 | सीतामढ़ी स्टेशन का नाम बदलकर सीतामढी धाम किया जाए। सीतामढी स्टेशन पर यात्री सुविधा, पे एण्ड यूज, एस्कलेटर आदि और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाए। |
| 16.23 | सीतामढ़ी एवं जनकपुररोड स्टेशन के पास गुड्स शेड  रहने के कारण काफी धूल उड़ते रहता है, जिसके कारण वहॉ के स्थानीय  निवासी से काफी शिकायते मिलती रहती है। इसका समाधान किया जाए। |
| 16.24 | सीतामढ़ी से मुम्बई के लिए सप्ताह में कम से कम 02 दिन कोई एक्सप्रेस गाड़ी चलाया जाए। |
| 16.25 | दरभंगा से पाटलिपुत्र के लिए चल रही गाड़ी सं0-15507 का समय बहुत खराब है। यह गाड़ी दरभंगा से 03 बजे के बदले 04 बजे खोला जाए। |
| 16.26 | रून्नीसैदपुर स्टेशन का प्लेटफार्म की लम्बाई काफी छोटा है। इसको और बड़ा किया जाए। |
| 16.27 | जनकपुर रोड स्टेशन पर उपरगामी पुल का निर्माण किया जाए। |
| 16.28 | अधिकांश स्टेशनो पर शौचालय गंदा रहने की काफी शिकायते  आती है जिसको सुधार किया जाए। |
| 16.29 | जनकपुररोड स्टेशन को विकसित किया जाए। |
| 16.30 | सीतामढ़ी स्टेशन पर दिव्यांग, बुजूर्ग एवं महिला के लिए एक अलग से टिकट काउंटर की व्यवस्था किया जाये। |
| 16.31 | जनकपुर रोड स्टेशन का शौचालय की साफ-सफाई अच्छी तरह से किया जाये। |
| 16.32 | सीतामढ़ी स्टेशन को अयोध्या स्टेशन जैसा विकसित किया जाये एवं यहां पर 100 मीटर का स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाये। |

## 17.0 श्रीमती शाम्भवी, माननीया सांसद (लोक सभा), समस्तीपुर |

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| | **किशनपुर स्टेशन पर** |
| 17.1 | गाड़ी संख्या-13225/26 जयनगर से दानापुर तक चलने वाला इन्टरसिटी एक्सप्रेस |
| 17.2 | गाड़ी संख्या-15211/12 दरभंगा से अमृतसर तक चलने वाली जननायक एक्सप्रेस |
| 17.3 | गाड़ी संख्या-13155/56 कलकत्ता से सीतामढ़ी तक चलने वाली मिथिलांचल एक्सप्रस |
| 17.4 | गाड़ी संख्या-15549/50 जयनगर से पटना तक चलने वाली इंटरससिटी एक्सप्रेस |
| | हायाघाट स्टेशन पर : |
| 17.5 | गाड़ी संख्या-15283/84 मनिहारी से जयनगर तक चलने वाली जानकी एक्सप्रेस |
| 17.6 | गाड़ी संख्या-15211/12 दरभंगा से अमृतसर तक चलने वाली जननायक एक्सप्रेस |
| 17.7 | गाड़ी संख्या-15549/50 जयनगर से पटना तक चलने वाली इंटरससिटी एक्सप्रेस |
| 17.8 | गाड़ी संख्या-13211/12 जोगबानी से दानापुर तक चलने वाली जोगबानी दानापुर एक्सप्रेस |
| 17.9 | गाड़ी संख्या-13155/56 कलकत्ता से सीतामढ़ी तक चलने वाली मिथिलांचल एक्सप्रस |
| | **खुदीराम बोस पुसा स्टेशन पर :** |
| 17.10 | गाड़ी संख्या-15549/50 जयनगर से पटना तक चलने वाली इंटरससिटी एक्सप्रेस |
| 17.11 | गाड़ी संख्या-15909/10 डिब्रूगढ़ से लालगढ़ तक चलने वाली अवध असम एक्सप्रेस |
| 17.12 | गाड़ी संख्या-14673/74 जयनगर से अमृतसर तक चलने वाली शहीद एक्सप्रेस |
| 17.13 | गाड़ी संख्या-14649/50 जयनगर से अमृतसर तक चलने वाली सरयू यमुना एक्सप्रेस<br>इन ट्रेनों के ठहराव होने से स्थानीय निवासियों को यात्रा करने में सुविधा प्रदान होगी। इन ट्रेनों के ठहराव के लिए विभिन्न सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि और स्थानीय निवासी लगातार मांग कर रहे हैं। |
| 17.14 | इसके अलावा स्टेट हाइवे-55 रोसेरा से बेगूसराय रोड गुमती नं 17A पर ROB के निर्माण की आवश्यकता है |
| 17.15 | मुक्ता-वारिसनगर-खरारी-बहेरी-लोहवा रोड परियोजना (लगभग 87 किलोमीटर) का कार्य जल्द से जल्द प्रारम्भ किया जाए। |
| 17.16 | मुजफफरपुर से आनंद विहार के बीच वाली सप्तक्रांति एक्सप्रेस (गाडी संख्या 12557/58) का मार्ग विस्तार कर इस गाड़ी को समस्तीपुर से चलाया जाए। इस गाड़ी का रैक मुजफफरनगर में लगभग 11 घंटो तक खड़ी रहती है। |
| 17.17 | समस्तीपुर-कटिहार अथवा दरभंगा-कटिहार पैसेजर में से एक गाड़ी को समस्तीपुर-रोसड़ो-खगड़िया रूट से चलाया जाए। |
| 17.18 | रोसड़ा गांधी चौक से रोसड़ा स्टेशन से होते हुए सहियारपुर गुमटी तक सड़क कालीकरण का कार्य अभी तक अधुरा है, इसे शीघ्र पुरा किया जाए। |
| 17.19 | रूसेरा घाट स्टेशन पर वृद्ध एवं दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट की व्यवस्था की जाए |

| | |
|---|---|
| 17.20 | समस्तीपुर जंक्शन पर आधुनिक क्रासिंग पीट के निर्माण का अबतक स्थिती से अवगत कराया जाए |
| 17.21 | रोसड़ा से समस्तीपुर के लिए शाम 4-5 बजे कोई लोकल गाड़ी नहीं होने से अधिकांश यात्रिगण को असुविधा होती है इसका भी शीघ्र समाधान किया जाए। |
| 17.22 | कैंसर मरीज और रेलयात्रियों के हित को देखते हुए 01043/44 समस्तीपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लए चलने वाली स्पेशल ट्रेन को नियमित रूप से चलाया जाए। |
| 17.23 | समस्तीपुर स्टेशन के गेट नं 1 और 2 को अतिक्रमण मुक्त कर सौंदर्याकरण किया जाए जिससे रेल यात्रियों को आने-जाने में सुविधा हो सके और गेट पर अनावश्यक रूप से जाम की स्थिति |
| 17.24 | गाड़ी संख्या-13155/56 मिथिलांचल एक्सप्रेस को किसनपुर स्टेशन पर ठहराव किया जाए। |
| 17.25 | रोसड़ा से समस्तीपुर के लिए शाम में कोई लॉकल गाड़ी चलाया जाए। |
| 17.26 | समस्तीपुर स्टेशन के गेट सं0-1 एवं 2 को अतिक्रमण मुक्त एवं उसका सौन्दर्यीकरण कराया जाए। |
| 17.27 | इस रूट में बन्दे भारत ट्रेन चलाया जाए। |
| 17.28 | समस्तीपुर में भोला टॉकीज गुमटी पर एवं मुक्तापुर में ओवरब्रीज का निर्माण कराया जाए। |
| 17.29 | खगड़िया-कुशेश्वरस्थान तक रेल लाईन का निर्माण अतिशीघ्र पूरा कराया जाए। |
| 17.30 | माननीय सांसद महोदया द्वारा आग्रह किया गया कि जो पत्र मुख्यालय एवं रेलवे बोर्ड भेजा जाता है, उसकी एक प्रति मुझे भी दिया जाये। |

## 18.0 श्री राजेश वर्मा, माननीय सांसद (लोक सभा) खगड़िया |

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 18.1 | मानसी-सहरसा रेलखंड पर कोपरिया स्टेशन पर प्लेटफ़ॉर्म का उच्चीकरण, शौचालय का निर्माण, यात्री शेड और पीने के पानी की व्यवस्था का प्रबंध। |
| 18.2 | (I) मानसी-सहरसा रेलखंड पर धमहरा घाट रेलवे स्टेशन का नाम "माता कात्यायनी धाम" रेलवे स्टेशन का प्रस्ताव ।<br><br>(II) धमारा घाट रेलवे स्टेशन पर कोसी एक्सप्रेस तथा सहरसा-राजेंद्र नगर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव।<br><br>धमारा घाट रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल कर इसका पुनर्विकास किया जाए, क्योंकि यहाँ माता कात्यायनी मंदिर शक्तिपीठ है। प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को लाखों श्रद्धालु यहाँ आते हैं और यहाँ सुविधा का घोर अभाव है। |
| 18.3 | खगड़िया-अलौली रेल खण्ड पर नवनिर्मित, अलौली स्टेशन से सवारी गाड़ी का परिचालन जल्द शुरू किया जाए। |
| 18.4 | अलौली स्टेशन से खगड़िया, सलौना, हसनपुर होते हुए पाटलिपुत्र जंक्शन तक ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाए। |
| 18.5 | समस्तीपुर-खगड़िया रेलखंड पर हसनपुर स्टेशन पर 12523/24 सुपरफ़ास्ट एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। |
| 18.6 | मानसी-सहरसा रेलखंड पर बदला घाट स्टेशन पर प्लेटफ़ॉर्म का उच्चीकरण तथा 14617/18 जनसेवा एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। |
| 18.7 | समस्तीपुर-खगड़िया रेलखंड पर इमली स्टेशन पर प्लेटफॉर्म का उच्चीकरण, यात्री शेड, वेटिंग रूम और पार्किंग की समुचित प्रबंध किया जाए। |
| 18.8 | समस्तीपुर-खगड़िया रेलखंड पर परहाजा गंगौर हॉल्ट पर यात्री शेड का निर्माण, पीने के पानी का प्रबंध, प्लेटफ़ॉर्म का उच्चीकरण, स्टेशन के पहुँच पथ तक सड़क का निर्माण किया जाए। |
| 18.9 | सहरसा से अमृतसर के लिए प्रस्तावित अमृत भारत एक्सप्रेस को सिमरीबख्तियारपुर, मानसी, खगड़िया, सलौना, हसनपुर, समस्तीपुर, गोरखपुर मार्ग से परिचालन किया जाए। |
| 18.10 | समस्तीपुर से हसनपुर, खगड़िया, जमालपुर होते हुए कोलकाता के लिए साप्ताहिक ट्रेन का परिचालन किया जाए। |
| 18.11 | पाटलिपुत्र सरायगढ़ सवारी गाड़ी वाया खगड़िया, मानसी, सहरसा, सरायगढ़ को स्थायी रूप से परिचालन किया जाए। |
| 18.12 | सहरसा-जमालपुर सवारी गाड़ी तथा जमालपुर-गया सवारी गाड़ी का पुनः परिचालन शुरू कियाजाए। |
| 18.13 | 05573/74 सरायगढ़-देवघर सवारी गाड़ी का परिचालन पुनः स्थायी रूप से किया जाए। |
| 18.14 | अलौली-कुशेश्वर स्थान तथा बिथान-कुशेश्वर स्थान रेललाइन का कार्य धीमी गति से हो रहा है।इस रेललाइन का वर्तमान में अद्यतन स्थिति क्या है? |

| | |
|---|---|
| 18.15 | 12553/54 वैशाली एक्सप्रेस का सिमरीबख्तियारपुर स्टेशन पर में ठहराव किया जाए। |
| 18.16 | IRCTC 2024 से संबंधित विवरण उपलब्ध कराया जाए। |
| 18.17 | ट्रेन संख्या 12149/50 पुणे-दानापुर एक्सप्रेस को दानापुर से सहरसा तक 31 जनवरी तक स्पेशलरैक के द्वारा परिचालन किया जा रहा है। इसे नियमित रूप से परिचालन किया जाए, क्योंकि इस ट्रेन से कोसी क्षेत्र की एक बड़ी आबादी सहरसा, मधेपुरा, सुपौल के अलावा खगड़िया, बेगूसराय के लोगों को सीधे ट्रेन सुविधा मिल रही है। |
| 18.18 | 22351/52 पाटलिपुत्र-बेंगलुरु एक्सप्रेस, जो वर्तमान में स्पेशल रैक के द्वारा पाटलिपुत्र से सहरसा तक परिचालन किया जा रहा है, को नियमित रूप से परिचालन किया जाए। कोसी क्षेत्र तथा खगड़िया, बेगूसराय के यात्रियों के लिए यह ट्रेन बहुत ही महत्वपूर्ण है इसे नियमित रूप से परिचालन किया जाय। |
| 18.19 | खगड़िया-अलौली सेक्सन में अलौली स्टेशन से पैसेन्जर गाड़ी चलाया जाए। |
| 18.20 | अलौली-कुशेश्वर स्थान तथा बिथान- कुशेश्वर स्थान रेल लाईन का कार्य कब तक पूरा किया जायेगा? |
| 18.21 | सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर गाड़ी सं0- 12553/54 का ठहराव किया जाए। |
| 18.22 | हसनपुर स्टेशन पर गाड़ी सं0- 12553/54 का ठहराव किया जाए। |
| 18.23 | मुख्य- मुख्य रेलवे स्टेशनो पर काफी खाली जमीन पड़ा हुआ है जिस पर लोग अधिकृत रूप से अधिग्रहण कर रखें हुए है। ऐसे जमीन को अधिग्रहण से मुक्त करावें एवं कोई वाणिज्यिक फ्लैट बनाकर उसे विकसित किया जाए। |
| 18.24 | हसनपुर से विथान खंड में ट्रेन का परिचालन किया जाये। |

## 19.0 डॉ. राज भूषण चौधरी, माननीय जल शक्ति राज्य मंत्री, भारत सरकार|

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 19.1 | रेल ओवर ब्रिज का निर्माण मुजफ्फरपुर शहर में यातायात के भारी दबाव को ध्यान में रखते हुए, चार प्रमुख स्थानों सतपुरा, शेरपुर, रामदयालु और बीवीगंज में रेल ओवर ब्रिज (रॉब) का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इन स्थानों पर रेलवे क्रॉसिंग के कारण यातायात में लगातार रुकावट आती है, जिससे समय की बर्बादी होती है और दुर्घटनाओं का भी खतरा रहता है। इन ओवर ब्रिजों के निर्माण से न केवल यातायात की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि शहर की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। |
| 19.2 | वन्दे भारत ट्रेन की सुविधाः मुजफ्फरपुर से नई दिल्ली के बीच वन्दे भारत ट्रेन की सेवा प्रारंभ करना भी अत्यंत आवश्यक है। यह ट्रेन न केवल यात्रियों के लिए सुविधा जनक होगी, बल्कि इसके संचालन से शहर के संपर्क में भी सुधार होगा। यह ट्रेन आधुनिक सुविधाओं के साथ तेज यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी, जिससे व्यापार और पर्यटन के क्षेत्र में भी वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त, यह शहर के नागरिकों को उच्चतम मानक की रेल यात्रा का अनुभव प्रदान करेगा। |
| 19.3 | समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर जैसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों से पटना के लिए डीएमयू (डेमू मल्टीपल यूनिट) ट्रेनों की संख्या में वृद्धि की अत्यधिक आवश्यकता है। वर्तमान समय में इन मार्गो पर डीएमयू ट्रेनों की सीमित संख्या के कारण यात्रियों को अत्यधिक भीड़ और असुविधा का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से, रोजाना लाखों यात्री इस मार्ग का प्रयोग करते हैं, जिनमें छात्रों, व्यवसायियों और सरकारी कर्मचारियों की संख्या अधिक है। |
| 19.4 | मुजफ्फरपुर, विभिन्न व्यापारिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक दृष्टिकोण के साथ साथ उत्तरी बिहार के कई जिलों का केंद्र बिंदु है और यहां से यात्री और माल परिवहन की बड़ी मांग रहती है। मेरा प्रस्ताव है कि नई दिल्ली से हावड़ा और डिब्रूगढ़ जाने वाली प्रमुख ट्रेनों को मुजफ्फरपुर से होकर चलाने का प्रबंध किया जाए। इसके साथ ही, इन ट्रेनों को मुजफ्फरपुर स्टेशन पर एक निर्धारित ठहराव देने का भी अनुरोध किया जाता है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाएं प्राप्त हो सकें। मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर इस तरह के ठहराव से क्षेत्रीय यात्रीगण को दिल्ली, हावड़ा और डिब्रूगढ़ जैसे प्रमुख शहरों तक आसानी से यात्रा करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, इससे क्षेत्रीय व्यापार और पर्यटन में भी वृद्धि हो सकती है, जो प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा। |
| 19.5 | डिब्रूगढ राजधानी का ठहराव रोसरा स्टेशन पर 02 मिनट के लिए किया जाए। |
| 19.6 | कोविड काल मे जो ट्रेने बंद हुई है उसे वहाल किया जाए। |
| 19.7 | मुजफ्फरपुर से पटना के लिए सुबह में कोई ट्रेन परिचालन कराया जाए। |

| | |
|---|---|
| 19.8 | नई दिल्ली जाने वाले एक्सप्रेस/सुपरफास्ट ट्रेनों में कम से कम जनरल बोगी की संख्या को और बढाया जाए। |
| 19.9 | स्टेशन पर स्थित शौचालय की स्थिति काफी खराब रहती है। इसमें और सुधार की आवश्यकता है। |
| 19.10 | डी.आर.एम. कोटा से टिकट कंफर्म कराने में शिकायते मिलती है कृपया सुधार की जाए। |
| 19.11 | दरभंगा-मुज0 रेलवे लाइन का डी0पी0आर0 बन गया है, निर्माण कार्य शीध्र पूर्ण कराया जाये। |

## 20.0 डॉ. फैयाज़ अहमद, माननीय सांसद (राज्य सभा)

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 20.1 | माननीय तत्कालीन रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद के बजट भाषण 2008-2009 में कहा गया था कि मधुबनी से कमतौल तक 30 किलोमीटर नई रेल लाइन के निर्माण के लिए सर्वे कराया जाएगा। लेकिन डेढ़ दशक बीत जाने के बाद भी रेल मंत्रालय के द्वारा इस दिशा में कोई कारवाई नहीं की गई हैं।<br>अतः मधुबनी से भाया बिस्फी होते हुए कमतौल तक रेल लाइन बिछाने के लिए सर्वे कराने की कारवाई की जाए। (वर्ष 2008-2009 में बिहार में नई रेललाइन सर्वे विवरणी की छायाप्रति सलंग्न) |
| 20.2 | कमतौल रेलवे स्टेशन को आदर्श रेलवे स्टेशन के मानक को मानते हुए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाए। |
| 20.3 | रक्सौल से जोगबनी के बीच चलने वाली द्वि- साप्ताहिक ट्रेन को बैरगनियां, पुपरी एवं कमतौल में ठहराव किया जाए। साथ ही आनंद बिहार (दिल्ली) से सहरसा जाने वाली गरीब रथ का नियमित परिचालन किया जाए और कमतौल में ठहराव किया जाए। |
| 20.4 | दरभंगा से रक्सौल के लिए शाम 6:30 से देर रात तक में कोई ट्रेन नहीं हैं इसलिए उक्त रूट के लिए प्रत्येक दिन रात्रि में ट्रेन का परिचालन किया जाए। |
| 20.5 | दरभंगा बाईपास स्टेशन का उद्घाटन होने के बाद भी जयनगर से रक्सौल एवं अन्य रूट के लिए गाड़ी का परिचालन शुरू किया जाए। |
| 20.6 | मधुबनी रेलवे स्टेशन से उत्तर एवं दक्षिण रेलवे फाटक स्थित ओवरब्रिज का निर्माण अतिशीघ्र किया जाए। |
| 20.7 | मधुबनी रेलवे स्टेशन से पश्चिम एवं पूरब में जर्जर पथ का शीघ्र निर्माण किया जाए। |
| 20.8 | लहेरियासराय स्टेशन सिविल स्टेशन हैं। दरभंगा जिला के लहेरियासराय शहर, हनुमाननगर, हायाघाट, बहादुरपुर, सिंहवाड़ा, बहेड़ी एवं बिरौल प्रखंड के दक्षिणी भाग की लगभग 14 लाख की आबादी लहेरियासराय स्टेशन से रेल यात्रा से ही आवागमन करते हैं। दरभंगा प्रमंडल के सभी सरकारी कार्यालय एवं न्यायपालिका भी लहेरियासराय स्टेशन से सटे हैं। इस स्टेशन के सौंदर्यकरण के लिए संभवत राशि भी उपलब्ध हैं।<br>अत्तएव कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाए। |
| 20.9 | 15554 व 15555 दरभंगा भागलपुर इंटरसिटी एवं 13211 व 13212 दानापुर इंटरसिटी को लहेरियासराय स्टेशन पर ठहराव किया जाए। |
| 20.10 | झंझारपुर स्टेशन में यात्री सुविधाओं का घोर आभाव हैं। यहां न ही यात्री प्रतीक्षालय में पेयजल आपूर्ति की सुविधा हैं और न ही एक भी बेहतर शौचालय हैं। यहां वर्तमान में एक ही रिजर्वेशन काउंटर होने के कारण आरक्षित टिकट हेतु लोगों को काफी परेशानी होनी हैं। अतः रिजर्वेशन काउंटर बढ़ाया जाए। |
| 20.11 | झंझारपुर में एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए फुट ओवरब्रिज बनाने का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। |

| | |
|---|---|
| 20.12 | जयनगर स्टेशन से दिल्ली जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव काकरघाटी स्टेशन पर किया जाए\| |
| 20.13 | जयनगर रेलवे स्टेशन से दक्षिण यू-टाइप रेलवे विभाग की जर्जर सड़क की मरम्मती का कार्य प्राथमिकता के रूप में कराया जाए। साथ ही जयनगर रेलवे स्टेशन के आसपास रेलवे के खाली पड़ी बहुतायत जमीन पर व्यवसायिक दुकान बनाकर लोगों का आवंटित किया जाए जिससे विभाग का राजस्व की भी प्राप्ति होगी। |
| 20.14 | जयनगर रेलवे स्टेशन भारत के उत्तरी अंतिम भाग पर अवस्थित हैं इसलिए इसे अंतराष्ट्रीय स्तर का स्टेशन बनाया जाए। यहां आरपीएफ की सुरक्षा पोस्ट को भी अपग्रेड करने की नितांत आवश्यक हैं। |
| 20.15 | दरभंगा से रक्सौल के लिए शाम 6.00 बजे से देर रात तक कोई ट्रेन नहीं है। |
| 20.16 | दरभंगा वाईपास स्टेशन का उदघाटन के बाद जयनगर से रक्सौल के बीच गाड़ी परिचालन कराया जाए। |
| 20.17 | मधुबनी रेलवे स्टेशन से उतर एवं दक्षिण रेलवे फाटक स्थित ओवर ब्रीज का निर्माण अति आवयक है। |
| 20.18 | मधुबनी रेलवे स्टेशन से पश्चिम एवं पूरब में जर्जर पथ का निर्माण कराया जाए। |
| 20.19 | रक्सौल से जोगबनी चलने वाली द्वि - सप्ताहिक ट्रेन को बैरगनिया, पुपरी एवं कमतौल में ठहराव कराया जाए। |

## 21.0 श्रीमती लवली आनन्द, माननीय सांसद (लोकसभा) शिवहर

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 21.1 | घोड़ासाहन स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या-02 पर यात्री शेड, पंखा एवं पेयजल की व्यवस्था आवश्यक है। |
| 21.2 | घोड़ासाहन में बस स्टैण्ड के पास ढाला पर ओवर ब्रीज का निर्माण कराया जाए। |
| 21.3 | स्टेशन के दोनो तरफ जर्जर पहुँच पथ का जीर्णोद्वारा कराया जाए। |
| 21.4 | घोड़ासाहन स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनो का ठहराव कराया जाए। |
| 21.5 | गुलमिया ढाला से माल गोदाम तक पहुँच पथ का निर्माण। |
| 21.6 | रीगा स्टेशन पर आरक्षण काउण्टर चालू कराया जाए। |
| 21.7 | रीगा स्टेशन पर ट्रेन सं0-75215 का ठहराव कराया जाए। |
| 21.8 | रीगा स्टेशन पर गाड़ी सं0-15515/16 का ठहराव कराया जाए। |
| 21.9 | मोहनी मंडल हॉल्ट एवं तृप्ति नारायण हॉल्ट (सीतामढ़ी) पर यात्री सुविधा मुहैया कराया जाए। |
| 21.10 | बैरगनिया स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनो का ठहराव कराया जाए। |
| 21.11 | सीतामढ़ी-रक्सौल रेल खंड के रामनगर हॉल्ट से पूरब घनी आवादी वाले समनपुर ग्राम में अंडर पास का निर्माण कराया जाए। |
| 21.12 | ढेंग स्टेशन पर शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था नहीं है। |
| 21.13 | बैरगनिया स्टेशन को अमृत भारत योजना से जोड़ा जाए। |

## 22.0 श्रीमती वीणा देवी, माननीया सांसद, (लोक सभा), वैशाली

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 22.1 | गाड़ी सं0- 15555/56 को मोतीपुर स्टेशन पर ठहराव किया जाए। |
| 22.2 | गाड़ी संख्या- 05267 को प्रत्येक दिन चलाया जाए। |
| 22.3 | पिपरा बिरपुर हाई स्कूल के पास एक अन्डर पास का निर्माण कराया जाए। |

## 23.0 श्रीमती धर्मशीला गुप्ता, माननीया सांसद (राज्यसभा)

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 23.1 | दरभंगा में उपरगामी पुल का निर्माण हो रहा है उसे शीघ्र पूरा कराया जाए। |
| 23.2 | दरभंगा से नई दिल्ली के लिए बंदे भारत या राजधानी ट्रेन चलाया जाए। |
| 23.3 | लहेरियासराय स्टेशन को और विकसित किया जाए। |
| 23.4 | लहेरियासराय स्टेशन एवं शौचालय काफी गंदा रहता है। इसकी नियमित साफ-सफाई की आवष्यकता है। |
| 23.5 | लहेरियासराय स्टेशन पर सभी प्रमुख ट्रेनों का ठहराव किया जाए। |

## 24.0 श्री हिमांशु शेखर, प्रतिनिधि श्री संजय कुमार झा, माननीया सांसद (राज्यसभा)

| क्र० सं० | प्रस्तावित मद |
|---|---|
| 24.1 | दरभंगा सम्पर्क क्रांति का विस्तार झंझारपुर तक किया जाए। |
| 24.2 | हरनगर-हसनपुर रेल लाईन का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाए। |
| 24.3 | लौकहा से सहरसा के लिए मेमू ट्रेन चलाई जाये। |
| 24.4 | झंझारपुर अमृत स्टेशन का कार्य मार्च 2026 तक समाप्त किया जाए। |
| 24.5 | दरभंगा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0- 2, 3, 4, एवं 5 पर यात्रियों के लिए शौचालय एवं पीने का पानी की व्यवस्था की जाए। |
| 24.6 | दरभंगा रेलवे स्टेशन के ड्रेनेज पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। |

***********************